केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

संस्कार और परवरिश बहुत मायने रखते हैं, सिर्फ पढ़ लिखकर कोई अच्छा आदमी नहीं बनता

वर्ष : 16 अंक : 234 | उज्जैन, मंगलवार 3 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### भारत-अमेरिका के बीच बड़ी डील फाइनल? ट्रंप के साथ जयशंकर की प्राइवेट मीटिंग



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर सोमवार को तीन दिन के अमेरिका की यात्रा पर रवाना हो गए। इस यात्रा के दौरान वह महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला पर अमेरिका की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होंगे। दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों में आई कड़वाहट को दूर करने के लिहाज से विदेश मंत्री के इस दौरे को अहम माना जा रहा है। जयशंकर की इस यात्रा को भारत अमेरिका संबंधों में आई तल्खी दूर करने के अवसर के तौर पर देखा जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि विदेश मंत्री जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ट्रंप प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय में भाग लेंगे। मंत्रिस्तरीय बैठक में आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और महत्वपूर्ण खनिजों में रणनीतिक सहयोग पर जोर दिया जाएगा। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठकें भी करेंगे। संबंधों में काफी तनाव गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क सहित, भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में काफी तनाव आ गया है। टैरिफ के साथ ही कई अन्य मुद्दों पर भी दोनों देशों के संबंधों में तल्खी है, जिसमें ट्रंप का पिछले साल मई में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करने का दावा और वाशिंगटन की नई आव्रजन नीति शामिल है।

### आरोप लगाए, मेज पीटा, फिर मीटिंग का बहिष्कार... मुख्य चुनाव आयुक्त और ममता के बीच तीखी नोक-झोंक



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग की लड़ाई सोमवार को तब तीखी-नोंक में तब्दील हो गई है, जब एसआईआर के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस नेता व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आयोग से मिलने पहुंची।

इस दौरान उन्होंने आयोग पर एसआईआर को लेकर गंभीर आरोप लगाए। लेकिन जब आयोग ने आरोपों पर जवाब देना शुरू किया, वह भड़क गई। ममता ने बैठक के दौरान मेज को कई बार तेज-तेज पीटा और बैठक का बहिष्कार कर चली गई। वहीं बैठक से बाहर निकलकर ममता बनर्जी ने आयोग पर गंभीर आरोप लगाए और अपने साथ दु?र्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और आयोग को भाजपा का तोता बताया। साथ ही कहा कि चुनाव आयोग यदि सोचता है कि वह बिहार, हरियाणा , महाराष्ट्र को बंगाल में नहीं दोहराने देंगे। इस दौरान उन्होंने आयोग और मीडिया के सामने करीब दर्जन भर ऐसे लोगों को भी पेश किया और बताया कि ये सभी जीवित है लेकिन आयोग ने इन्हें मृत बताते हुए इनके नाम काट दिए है। ममता ने इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सीधे हमला किया व कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जैसा इनका भी हाल होगा। इस दौरान उन्होंने बंगाल में मतदाता सूची में बड़े स्तर पर गड़बड़ी करने और बीएलओ, ईआरओ की ओर से जोड़े जा रहे नामों को माइक्रो ऑब्जर्वर की मदद से हटवाने का भी आरोप लगाया। आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें तो बैठक में तब तल्खी बढ़ गई, जब आयोग ने ममता के आरोपों पर जवाब देना शुरू किया। इससे पहले आयोग ने करीब 40 मिनट तक पहले अभिषेक बनर्जी व बाद में ममता बनर्जी के आरोपों को ध्यान से सुना।

# गुजरात की धरा ने दिया है, मानव कल्याण और सनातन का संदेश : मुख्यमंत्री

### जन्म उत्सव में एक साथ श्लोक पाठ का बना नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुजरात की धरती भारत सहित अनेक राष्ट्रों में धर्म, आध्यात्म, सनातनी परम्परा, मानव कल्याण और सेवा मूल्यों को चेतना से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस धरा से कभी महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसी विभूतियों ने राष्ट्र को योगदान दिया, वहीं अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं। आज सऊदी अरब सहित अबूधाबी और अमेरिका में स्वामी नारायण अक्षर धाम के पारम्परिक हिन्दू मंदिर और विश्व के अनेक देशों में 600 से अधिक मंदिरों का निर्माण उल्लेखनीय है। सत्संगदीक्षा जैसे शास्त्रसम्मत ग्रंथ की रचना और हजारों सेवाभावी नवयुवान संतों का निर्माण सनातन की परम्परा को ऊंचाइयां दे रहा है। यह गर्व की बात है कि महंत स्वामी महाराज की जीवन यात्रा की जड़ें मध्यप्रदेश से भी जुड़ी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को गुजरात के वडोदरा में पूज्य महंत स्वामी महाराज की 92वीं जन्म वर्षगांठ पर उनके दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके शतायु होने की कामना की और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में स्वामी जी का जन्म शताब्दी समारोह अधिक भव्य रूप में आयोजित होगा। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वडोदरा एक नगर नहीं बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है जहां भक्ति के साथ सेवा की सुदीर्घ परम्परा है। इस धरती से गुरू के उस संदेश का प्रसार हो रहा है, जो भगवान स्वामी नारायण से लेकर पूज्य महंत स्वामीजी के जीवन में अभिव्यक्त होता है। अमृत बरसाने वाली यह धारा निरंतर प्रवाहित रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संत वृंद ईश्वर के रूप में विराजमान रहते हैं। उनकी सामूहिक उपस्थिति बगिया में अनेक पुष्पों के एक साथ खिलने की तरह होती है। अपनी शिक्षाओं से वे बच्चों को आलोकित करते हैं। निश्चित ही यह बच्चे भारतीय संस्कृति को जीवंत करने का कार्य करेंगे। दीक्षित हो रहे बच्चे भी वंदन अभिनंदन के पात्र हैं।

संस्कृत श्लोकों के सामूहिक पाठ का बना नया रिकार्ड - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत स्वामी महाराज के 92वें जन्मजयंती महोत्सव में 15 हजार 666 बच्चों को एक साथ स्वामी जी द्वारा रचित सत्संग दीक्षा ग्रंथ के 315 श्लोकों का पाठ किए जाने को एक उपलब्धि बताया। इस गतिविधि का नया गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड भी बना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल ने महंत स्वामी महाराज से जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी जी ने दोनों मुख्यमंत्रियों का पुष्पमाला से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में श्री गुणातितानंद स्वामी की अद्भुत महिमा एवं जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया। इसमें गौंड साम्राज्य के राजा श्री भगवत सिंह के चरित्र के माध्यम से गुणातितानंद स्वामी के सामाजिक और धार्मिक कार्यों की जानकारी दी गई। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वडोदरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल ने आत्मीय स्वागत किया।


### बिहार में यहां से गुजरेगा वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, 300Km/H की स्पीड से दौड़ेगी बुलेट



**किशनगंज/ जीएनएस।** बजट में घोषित वाराणसी-सिलीगुड़ी कॉरिडोर किशनगंज होते हुए गुजरेगा। आने वाले दिनों में इस मार्ग से प्रति घंटा 300 किलोमीटर की स्पीड से बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की लंबाई लगभग 700 किलोमीटर है जो उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के बीच यात्रा के समय को कम करेगी, जिससे यात्रियों और माल ढुलाई सेवाओं दोनों को राहत मिलेगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को आम बजट पेश कर केंद्रीय वित्त मंत्री ने देश भर में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की। इनमें वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर भी शामिल है।

## ...इसलिए संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा राहुल-खरगे ने नरवणे की किताब के जरिए केंद्र को घेरा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा के दौरान शोर-शराबे मे कार्यवाही बाधित रही। लेकिन बाहर राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर सवाल खड़े किए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, आरएसएस-भाजपा की वैचारिक आधारशिला ही तथ्यों को छिपाने पर टिकी है, तभी ये कायर मोदी सरकार संसद में राष्ट्रीय सुरक्षा के गंभीर सवालों पर जवाब देने से ऐसे बच रही है जैसे उसकी दुखती रग पर किसी ने हाथ रख दिया हो।

राहुल गांधी ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक का जिक्र किया- लोकसभा में इस पर हुए भारी हंगामे के बाद राहुल गांधी ने कहा, सदन में नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक का उल्लेख करने की उन्हें अनुमति नहीं दी जा रही क्योंकि यह 2020 में चीन से हुए संघर्ष के दौरान सेना को निराश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कठघरे में खड़ा करती है।

## विकसित भारत के लिए हमें..., स्टेट बैंक पर वित्तीय सेवा सचिव एम. नागाराजु का बड़ा बयान




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वित्तीय सेवा सचिव एम.नागाराजु ने बताया कि विकसित भारत के लिए निर्माण के लिए तीन-चार बड़े बैंक की जरूरत है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन की तरह भारत में भी वैश्विक स्तर के बैंक होने चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बड़े बैंक के रूप में विकसित हो सकते हैं। एसबीआई में दुनिया के टॉप बैंक बनने की गहराई है और तकनीकी क्षमता भी है।

आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए गत रविवार को पेश बजट में बैंकों के रिफॉर्म के लिए उच्च स्तरीय कमेटी बनाने की घोषणा की गई है। नागाराजु ने बताया कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लिए 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था तैयार करना होगा और इस काम के लिए 37 लाख करोड़ के क्रेडिट की जरूरत होगी। अभी देश में 30-35 करोड़ लोग ऐसे हैं जो बैंक के कर्ज का हिस्सा नहीं बन पाए हैं। अभी बैंकों का गैर वित्तीय सेक्टर का क्रेडिट या कर्ज जीडीपी के 56 प्रतिशत के बराबर है जबकि विकसित देशों में यह प्रतिशत काफी अधिक है। हम इस प्रतिशत को जीडीपी के 150 प्रतिशत तक ले जाना चाहते हैं। बैंकों की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार बैंकों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर सकती है। उन्होंने बताया कि इस पर विभिन्न मंत्रालयों के बीच विचार किया जा रहा है।

### कश्मीर में आतंकियों की भर्ती और टेरर फंडिंग की आशंका




**श्रीनगर/ जीएनएस।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने कश्मीर में आतंकी भर्ती और टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में श्रीनगर से बारामूला तक चार स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान मोबाइल फोन, सिमकार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए, हालांकि कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। बांदीपोरा में एक सेवानिवृत्त शिक्षक और बारामूला में सरकारी कर्मचारी के घर की तलाशी ली गई। जेल में बंद आतंकी वहीद-उर-जहूर राही के ठिकानों पर भी छापेमारी हुई।

संबधित सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने सोमवार को जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से श्रीनगर के जैनकोट, बांदीपोरा के पलैन और रफियाबाद के जेठन व बोम्मई सोपोर में पांच जगहों पर तलाशी ली। उन्होंने बताया कि बांदीपोरा में एक सेवानिवृत्त स्कूल अध्यापक के घर की तलाशी ली गई, जिसका एक बेटा पहले ही आतंकी गतिविधियों के चलते जेल में बंद हैं। जिला बारामूला के जेठन रफियाबाद में पुलिस ने कृषि विभाग में कार्यरत एक सरकारी कर्मचारी के घर की तलाशी ली है। श्रीनगर के मुस्ताफबाद जैनकोट में एनआईए ने वहीद-उर- जहूर राही के मकान की तलाशी ली। वहीद-उर-जहूर राही मूल रूप से उत्तरी कश्मीर में जिला बारामूला के बोम्मई सोपोर का रहने वाला है और साल 2006 में ही श्रीनगर के मुस्तफाबाद इलाके में आकर बसा है। उसे 2024 में आतंकी गतिविधियों में सलिंसता के आधार पर पकड़ा गया था और मौजूदा समय में वह जेल में बंद है।

### राज्यसभा में कटा पैर दिखाकर भाजपा सदस्य ने माकपा को दिखाया आईना, 3 दशक पुरानी घटना का हुआ जिक्र



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** राज्यसभा में सोमवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने लोकतंत्र के मंदिर में मर्यादा और दर्द के बीच की लकीर को झकझोर कर रख दिया। केरल से भाजपा के मनोनीत सदस्य सी. सदानंदन मास्टर ने अपने पहले भाषण के दौरान मेज पर अपने कृत्रिम पैर रख दिए। यह केवल दर्द की दास्तां और मेज पर लोकतंत्र के सच का प्रदर्शन भर नहीं था, बल्कि तीन दशक पुराने उस जख्म का प्रदर्शन था जिसने एक शिक्षक को राजनीति की दहलीज पर ला खड़ा किया।

बहरहाल, इस दृश्य ने विपक्षी खेमे विशेषकर माकपा को असहज कर दिया। अपने भाषण में मास्टर ने राष्ट्रीय हित में एक समान रुख अपनाने का आग्रह करते हुए विपक्षी दलों से अपील की कि वे केवल विरोध करने के लिए सरकार का विरोध न करें। रष्टपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपनी बात रखते हुए मास्टर भावुक हो गए।




## अमेरिका संग टैरिफ पर तनातनी के बीच PM मोदी से डोनाल्ड ट्रंप ने की फोन पर बात, ये बातचीत क्यों अहम?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर उनसे बात की है। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे वक्त में हुई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनातनी जारी है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत की ये जानकारी दी है। सर्जियो गोर भारत में अमेरिकी राजदूत और दक्षिण और मध्य एशिया के भी विशेष दूत हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुई बातचीत की जानकारी साझा की है। हालांकि, गोर ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि दोनों नेताओं के बीच क्या बात हुई।

यह संवाद भारत और अमेरिका के बीच लगातार जारी उच्चस्तरीय संपर्क का हिस्सा माना जा रहा है। बड़ी बात यह है कि दोनों नेताओं के बीच फोन पर ये वार्ता उस दिन हुई जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वॉशिंगटन की तीन दिन की यात्रा शुरू की है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच आखिरी बार पर फोन पर पिछले साल 10 दिसंबर को हुई थी। उस दौरान टैरिफ को लेकर चर्चा की गई थी। टैरिफ विवाद के बाद दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी फोन वार्ता थी।

बता दें कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर अहम खनिज आपूर्ति श्रृंखला पर वॉशिंगटन के नेतृत्व में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर आज ही (सोमवार को) रवाना हुए हैं। जयशंकर की यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसे दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों में आई तीव्र गिरावट के बाद स्थिति को सुधारने के अवसर के तौर पर देखा जा रहा है।

ऐसी संभावना है कि जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो से पांच फरवरी तक अमेरिका की यात्रा करेंगे और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा बुलाई गई अहम खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इसमें कहा गया कि बैठक में आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन, स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बयान में कहा गया, इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठकें भी करेंगे।

ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद भारत एवं अमेरिका के संबंधों में भारी तनाव बना हुआ है। इस 50 प्रतिशत शुल्क में रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है।इसके अलावा मई में भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव समाप्त कराने संबंधी ट्रंप के दावे और अमेरिका की नयी आव्रजन नीति सहित कई अन्य मुद्दे के कारण भी संबंधों पर असर पड़ा है।

# सांवेर व कुमेडी क्षेत्र में निगम की सख्त कार्रवाई, फैक्ट्रियों पर 1 लाख 20 हजार का स्पॉट फाइन



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार सांवेर एवं कुमेडी क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए जा रहे अपशिष्ट जल निस्तारण को लेकर सख्त कार्रवाई की गई। सोमवार प्रातः अपर आयुक्त प्रखर सिंह द्वारा कुमेडी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें विशेष रूप से सांवेर रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्रियों की जांच की गई।


निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कुछ औद्योगिक इकाइयाँ नियमों की अनदेखी करते हुए रासायनिक एवं गंदे पानी को सीधे सीवरेज एवं नालों में छोड़ रही हैं, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ नगर की सीवरेज व्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस पर अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

कार्रवाई के तहत कलर केम नामक कंपनी द्वारा रासायनिक पानी को सीवरेज लाइन में छोड़े जाने की पुष्टि होने पर नगर निगम द्वारा संबंधित कंपनी पर एक लाख रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोहराने पर और अधिक कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

इसी क्रम में आयुक्त के निर्देशानुसार जोन क्रमांक 17 के वार्ड क्रमांक 19, कुमेडी क्षेत्र में भी निरीक्षण किया गया। झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील के निर्देशन में फैक्ट्री आउटफॉल की जांच के दौरान यह पाया गया कि डिलाइट इनोवेशन नामक फैक्ट्री द्वारा कचरा नाले में फेंका जा रहा था तथा गंदा पानी भी नाले में छोड़ा जा रहा था। इस उल्लंघन पर सीएसआई आशीष कापसे एवं उपयंत्री सिद्धांत मेहता द्वारा संबंधित फैक्ट्री पर 20 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया।

इस पूरी कार्रवाई के दौरान झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील, सीएसआई सत्येंद्र सिंह तोमर, ड्रेनेज सब-इंजीनियर सिद्धांत मेहता, बल्क सुपरवाइजर एवं ड्रेनेज सुपरवाइजर सहित निगम का अमला मौजूद रहा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस प्रकार की सघन जांच व कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# गोपाल सिंह चौधरी बने आजीवन सहयोग निधि अभियान के जिला संयोजक



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर 11 फरवरी को इस वर्ष भी आजीवन सहयोग निधि अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने जिला स्तर पर संयोजकों की नियुक्ति की है।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह चौधरी को आजीवन सहयोग निधि अभियान टोली का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि जिला महामंत्री रामस्वरूप गेहलोत को सह-संयोजक बनाया गया है। जिला मीडिया प्रभारी विनोद चांदनी एवं जेपी नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के लिए विधानसभा स्तर पर भी संयोजकों की नियुक्ति की गई है।

विधानसभा स्तर पर सांवेर से विश्वजीत सिंह सिसौदिया को संयोजक एवं मनोहर ठाकुर को सह-संयोजक बनाया गया है। वहीं महू विधानसभा से सुभाष महोदय और सरदार मालवीय, देपालपुर से गुमानसिंह पंवार और लक्ष्मीनारायण नागर तथा राऊ विधानसभा से विजय पाटीदार और कैलाश चौधरी को अभियान का संयोजक नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें महामंत्री पूंजालाल निनामा, हेमचंद मित्तल, रामविलास पटेल, मुकेश जरिया, लक्ष्मीनारायण नागर, रवि रावलिया, रवि जैन, रूपेश मंडलोई, तूफान सिंह पंवार और शिवपाल सिंह चावड़ा प्रमुख रूप से शामिल थे। पार्टी नेतृत्व ने अभियान को व्यापक जनसहयोग से सफल बनाने का आह्वान किया।

## सकारात्मक सोच ही जीवन को सुंदर बनाती है : डॉ. ममता चंद्रशेखर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर में नववर्ष के अवसर पर मासिक व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत सकारात्मक रहें विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता चंद्रशेखर ने की। अपने उद्बोधन में प्राचार्या डॉ. ममता चंद्रशेखर ने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति समाज की मूल इकाई है और उसका आत्मसुधार ही राष्ट्र निर्माण की सशक्त आधारशिला बनता है। उन्होंने कहा कि आत्मचिंतन और ध्यान मन तथा जीवन के लिए सर्वोत्तम औषधि हैं। खेल हमें हार‌‌जीत को सहज भाव से स्वीकार करना सिखाते हैं, जिससे अनुशासन और संतुलन विकसित होता है, लेकिन इन सभी प्रयासों में सबसे अधिक आवश्यक निरंतरता है, क्योंकि निरंतर प्रयास ही सकारात्मक परिवर्तन और सफलता की कुंजी है। डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि यदि हम अपने जीवन को सुंदर, संतुलित और सार्थक बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चिंतन और दृष्टिकोण को सकारात्मक बनाना होगा। उन्होंने जीवन में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिदिन कुछ समय शांत भाव से बैठकर अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि सांसें ही हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे बीज बिना प्रयास के पौधा, फूल और फल नहीं बन सकता, उसी प्रकार जीवन में सकारात्मक परिणाम भी निरंतर सकारात्मक प्रयासों से ही प्राप्त होते हैं।

## आयुक्त ने झोन क्रमांक 9 में जलप्रदाय कार्यों का किया निरीक्षण, दूषित पानी की समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा सोमवार प्रातःकाल नगर निगम के झोन क्रमांक 9 अंतर्गत संचालित जलप्रदाय लाइन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त श्री नरेंद्र नाथ पांडे, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयुक्त श्री सिंघल ने झोन क्रमांक 9 के अंतर्गत त्रिवेणी पानी की टंकी क्षेत्र, देव नगर तथा पांचू की चाल सहित अन्य क्षेत्रों में जलप्रदाय लाइन डाले जाने हेतु किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से दूषित पानी की समस्या के निराकरण के लिए चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। त्रिवेणी पानी की टंकी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही दूषित पानी की समस्या के समाधान के क्रम में आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर कार्यों की गुणवत्ता की जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किए जाएं, जिससे क्षेत्रवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

इसके पश्चात देव नगर एवं पांचू की चाल क्षेत्रों में जलप्रदाय लाइन डालने के कार्यों का निरीक्षण करते हुए आयुक्त श्री सिंघल ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने, समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा क्षेत्रीय नागरिकों से भी संवाद किया गया। नागरिकों ने जल आपूर्ति एवं दूषित पानी से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया, जिनके शीघ्र एवं स्थायी समाधान का आश्वासन आयुक्त ने दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## वार्ड 8 में आयोजित संकल्प से समाधान शिविर में पहुंचे महापौर, नागरिकों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर शहर के प्रत्येक वार्ड में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में झोन क्रमांक 20 के वार्ड क्रमांक 8, छिपा बाखल स्थित संजीवनी क्लीनिक के पास संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सहभागिता की।

शिविर के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उपस्थित नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में महिलाओं के सम्मान, युवाओं के स्वाभिमान और वृद्धजनों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि अशोक चांदू नेता, श्रीमती नीता मुकेश शर्मा, झोनल अधिकारी श्रीमती पल्लवी पाल सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना एवं घरेलू कामकाजी महिला योजना के पात्र हितग्राहियों को महापौर द्वारा प्रतीकात्मक रूप से लाभ का वितरण किया गया। लाभ पाकर हितग्राहियों में उत्साह और संतोष देखने को मिला।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की सोच के अनुरूप शासन द्वारा 105 से अधिक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य गरीबों को सशक्त बनाना, महिलाओं के सम्मान की रक्षा करना, युवाओं के स्वाभिमान को मजबूत करना और वृद्धजनों की समस्याओं का समाधान करना है। इन्हीं योजनाओं का लाभ नागरिकों तक उनके घर के पास पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम से जुड़े सभी जनहित के कार्य, जैसे राजस्व प्रविष्टियों में सुधार, जलकर एवं संपत्ति कर से संबंधित समस्याएं तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ, इन शिविरों के माध्यम से सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से नागरिकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से पूरे शहर में वार्डवार संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर हो सके।

# केमिकल युक्त गंदा पानी नाले में छोडने वाले उद्योगों पर जिला प्रशासन करें सख्त कार्यवाही : मंत्री श्री सिलावट

### मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जिला प्रशासन, नगर निगम और प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के साथ किया नाले का निरीक्षण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांवेर तहसील के ग्राम कुमेडी और भानगढ़ क्षेत्र में उद्योगों द्वारा केमिकल युक्त बदबुदार काला पानी खेतों और खाली जमीन तथा नालों में छोड़ने का मामला संज्ञान में आने पर जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने जिला प्रशासन, नगर निगम और प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के साथ नाले में मिल रहे दूषित पानी के स्थल का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने प्रदूषण विभाग के अधिकारियों और जिला एवं निगम प्रशासन को निर्देश दिये कि नाले में केमिकलयुक्त बदबुदार काला पानी छोडने वाले उद्योगों को हिदायत देते हुए पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाये।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि ग्राम कुमेडी और भानगढ़ क्षेत्र में उद्योगों द्वारा केमिकल युक्त बदबूदार काला पानी खेतों और खाली जमीन और नालों में छोडने का मामला संज्ञान में आने पर मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती निधि वर्मा और अपर आयुक्त नगर पालिक निगम श्री प्रखर सिंह एवं वरिष्ठ पार्षद श्री राजेन्द्र राठौर से चर्चा की और निर्देश दिये कि केमिकल युक्त बदबुदार काला पानी खेतों और खाली जमीन और नालों में छोडने वाले उद्योगों पर जिला प्रशासन सख्त कार्यवाही करें। साथ ही एक ही स्थान पर पानी जमा न हो तथा जल स्त्रोतों के आसपास पानी भराव न हो, इसकी निकासी के निराकरण करने के निर्देश दिये। क्षेत्र के सभी जल भराव वाले स्थानों एवं बोरिंगों के पानी की जांच करें और उनमें क्लोरीन आदि डालें। साथ ही कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर दण्डित करें। निरीक्षण के दौरान लकी अवस्थी, राजा ठाकुर, पार्षद संध्या जायसवाल, प्रतिनिधि राधा किशन जायसवाल, मासूम जायसवाल, पार्षद योगेश गेंदर, जोनल ऑफिसर नरेन्द्र कुरील, प्रदुषण विभाग के संजय जैन और श्री सतीश चौकसे उपस्थित रहे।

## लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन सम्पन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय परिसर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं ने लर्निंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा छात्राओं को परिवहन नियम तथा लर्निंग लाइसेंस से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। परिवहन विभाग द्वारा आयोजित शिविर का उद्देश्य नागरिकों को सुविधाजनक एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## देवगुराडिया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ (नेमावर रोड/राज्य राजमार्ग 59-ए) को फोरलेन सड़क स्वीकृत किया जाये

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर प्रवास के दौरान उनसे भेंट कर देवगुराडिया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ (नेमावर रोड/राज्य राजमार्ग 59-ए) को फोरलेन सड़क स्वीकृत करने का आग्रह किया। श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवगुराड़िया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ (नेमावर रोड/राज्य राजमार्ग 59-ए) मार्ग वर्तमान में संकरा एवं एकांकी होने के कारण यहां यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है, जिसके कारण आए दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम लगने से व्यापार, उद्योग, परिवहन एवं क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही है। उक्त मार्ग पर सांवेर क्षेत्र के विभिन्न गांव एवं शहरी क्षेत्र जुड़े होने के कारण क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। श्री सिलावट ने बताया कि नेमावर रोड़ इण्डस्ट्रीयल इंदौर द्वारा भी आवेदन देकर देवगुराडिया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ (नेमावर रोड/राज्य राजमार्ग 59-ए) को फोरलेन सड़क बनाने का अनुरोध करते हुए व्यापारियों एवं नागरिकों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया है। श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आग्रह किया कि व्यापारियों एवं नागरिकों को हो रही परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में देवगुराडिया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ (नेमावर रोड/राज्य राजमार्ग 59-ए) मार्ग को चार लेन सड़क बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाये।

## आईटी पार्क चौराहे पर अनियंत्रित लोडिंग वाहन का कहर, 7 से 8 लोग घायल



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के व्यस्त आईटी पार्क चौराहे पर एक बार फिर तेज रफ्तार और अनियंत्रित लोडिंग वाहन ने अफरा-तफरी मचा दी। रेड लाइट पर खड़े दोपहिया चालकों एवं अन्य वाहनों को लोडिंग वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे करीब 7 से 8 लोग घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोडिंग वाहन काफी तेज गति में था और उसने रेड सिग्नल पर खड़े लोगों व वाहनों को रौंद दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। चालक ने पुलिस पूछताछ में हादसे का कारण वाहन के ब्रेक फेल होना बताया है। पुलिस चालक के बयान की सच्चाई की जांच के लिए लोडिंग वाहन की तकनीकी जांच करवा रही है। हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों एवं एम.वाय. अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल घायलों के नाम-पते की स्पष्ट जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को संभाला। पुलिस द्वारा सड़क पर पड़े दुर्घटनाग्रस्त वाहनों एवं बिखरे मलबे को क्रेन की मदद से हटवाकर मार्ग को पुनः सुचारू कराया गया। वहीं लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस इस चौराहे पर हादसों को रोकने के लिए रंबल स्ट्रिप लगाने पर भी विचार कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा और लोगों में दहशत का माहौल देखा गया।

## क्राइम ब्रांच इंदौर की बड़ी कार्रवाई, 31.86 ग्राम एमडी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ ÷एमडी÷ के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 31.86 ग्राम एमडी बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3 लाख 20 हजार रुपये आंकी जा रही है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं इससे जुड़े बदमाशों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में क्राइम ब्रांच की टीम लगातार गोपनीय सूचना के आधार पर संदिग्धों की निगरानी कर रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश और पतारसी कर रही थी। इस दौरान मालवा रेडीमेड क्लस्टर के सामने, लक्ष्मीबाई नगर मेन रोड क्षेत्र में दो व्यक्ति सड़क किनारे काली रंग की होंडा दोपहिया वाहन के साथ खड़े दिखाई दिए। दोनों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने पूछताछ की, तो वे घबरा गए। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोका और नाम-पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम कमललाल मेघवाल और नरेंद्रलाल मेघवाल निवासी झालावाड़, राजस्थान बताए। संदेह के आधार पर विधिवत तलाशी लेने पर पुलिस ने दोपहिया वाहन की सीट के अंदर छुपाकर रखा गया 31.86 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कमललाल मेघवाल पर पूर्व में झालावाड़ में भी एक अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी कमल मजदूरी करता है और दूसरी कक्षा तक ही पढ़ा-लिखा है, जबकि आरोपी नरेंद्र दसवीं तक शिक्षित है और दुकान चलाता है।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को भावभीनी विदाई, इंदौर पुलिस ने ससम्मान किया विदाई



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारियों का विदाई समारोह आज 2 फरवरी 2026 को पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में भावपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर इंदौर पुलिस द्वारा अपने साथी अधिकारियों को ससम्मान विदा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर. के. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्री प्रकाश परिहार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्रीमती सीमा अलावा एवं रक्षित निरीक्षक श्री दीपक कुमार पाटिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले सात पुलिस अधिकारी–कार्यवाहक निरीक्षक बृजेंद्र बाबू शर्मा, कार्यवाहक उप निरीक्षक भोला सिंह तोमर, कार्यवाहक उप निरीक्षक राजकुमार सिंह भदौरिया, कार्यवाहक उप निरीक्षक हरेंद्र साटम, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक असलम अहमद कुरैशी, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह जादौन एवं कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राजभान कोल–अपने परिजनों, कार्यालयीन स्टाफ एवं अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) एवं उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं पुष्पमाला से सम्मान कर उनके द्वारा पुलिस विभाग में दी गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर डीसीपी श्री प्रकाश परिहार ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारीगण ने अनुशासित एवं चुनौतीपूर्ण पुलिस सेवा में अपने जीवन का अमूल्य समय जनता की सेवा में समर्पित किया है। अब जीवन की इस नई पारी में उन्हें स्वयं और अपने परिवार को समय देना चाहिए। उन्होंने सभी से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने, परिवार के साथ खुशहाल जीवन जीने तथा किसी न किसी रचनात्मक शौक को विकसित करने का आग्रह किया। साथ ही अधिकारियों द्वारा समय और पूंजी के उचित निवेश को लेकर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि पुलिस परिवार उनके लिए सदैव अपना ही परिवार रहेगा और वे जब चाहें अपने अनुभव, सुझाव एवं समस्याएं साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवानिवृत्ति नहीं, बल्कि जीवन की एक नई शुरुआत है, जिसमें वे अपने अनुभवों से समाज और विभाग के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने सेवाकाल के खट्टे-मीठे अनुभव और यादगार पलों को साझा किया। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने साथियों से भाव विभोर होकर विदाई ली, जिससे सभागार का वातावरण भावनाओं से भर गया।

# यूजीसी का विरोध दर्ज करवाने के लिये देंगे ज्ञापन, जिला राजपूत समाज की बैठक सम्पन्न



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला राजपूत समाज संगठन मन्दसौर की बैठक 1 फरवरी रविवार को रानी पद्मावती राजपूत बोर्डिंग में शुरू हुई बैठक की अध्यक्षता श्री रघुनाथ सिंह काचरिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिले की सभी सक्रिय सदस्यों एवं तहसील कार्यकारिणी के सदस्यों नगर कार्यकारिणी सदस्य आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर संरक्षक श्री भोपाल सिंह सिसोदिया, महेन्द्र सिंह शक्तावत,ट्रस्ट अध्यक्ष श्री नरेन्द्रसिंह चौहान मंचासिन थे। बैठक में जिला सचिव भूपेन्द्र सिंह राठौर (खेड़ी) ने बैठक में एजेंडा का वाचन कर बैठक का संचालन किया।

बैठक में पिछले होली मिलन समारोह से पुरे साल में जितने कार्यक्रम हुए उनमें जिन सदस्यों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया उनके नाम का वाचन किया। आय व्यय पत्रक का वाचन कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने रखा जिसमें वार्षिक साधारण सभा होली मिलन समारोह, रजत जयंती, महाराणा प्रताप जयंती, ग्राम कमेटी के लिए जिले की बैठक व अन्य सभी व्यय-आय का वाचन किया जिसका अनुमोदन उपस्थित सदस्यों ने किया। गांव कमेटीया के गठन, विस्तार आदि के लिए सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किया जिसमें श्री रघुनाथ सिंह राठौर, भोपाल सिंह सिसोदिया, महेन्द्र सिंह शक्तावत, नरेन्द्र सिंह चौहान, के के सिंह भाटी,नागेन्द्र सिंह सगवाली, अजय सिंह चौहान, रिपुदमन सिंह चंद्रावत, दशरथ सिंह चंद्रावत, दिलीप सिंह आक्या, भगवान सिंह शक्तावत,दौलत सिंह चौहान, हनुमंत सिंह राणावत, शिवप्रताप सिंह राणावत, सामंत सिंह बरखेड़ा (नेताजी), कोमल सिंह झलारा, लाल सिंह शक्तावत, मदन सिंह गुड़भेली आदि ने अपने विचार व्यक्त किए । जिले के पदाधिकारी को तहसीलो का प्रभारी बनाया जाएगा जो तहसील कार्यकारिणी की बैठक लेंगे तहसील के सचिव को संयोजक बनाया जाएगा और तहसील कार्यकारिणी के सदस्यों में से हर गांव के लिए प्रभारी बनाये जायेगे जो गांव में जाकर बैठक लेकर गांव की कमेटी बनाना एवं जिला प्रतिनिधि की नियुक्ति करना सभी गांव कमेटीया की सूची एवं सभी गांव की जिला प्रतिनिधि की सूची मोबाइल नंबर सहित जिला सचिव को जमा करेंगे, ताकि उन सभी को अगली मीटिंग में बुलाया जा सके । ग्राम कमेटियों को कार्य सौंपे जायेगे। यूजीसी के नियम पर उपरोक्त सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए चर्चा के बाद सभी ने तय किया कि कलेक्टर, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर को सामाजिक विरोध दर्ज करवाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। होली मिलन समारोह (वार्षिक साधारण सभा) के लिए सभी ने दिनांक 14/03/26 शनिवार या 15/03/26 रविवार को रखा जाने पर सहमति दी। बैठक में सर्व प्रथम महाराणा प्रताप की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक मेंजितेन्द्र सिंह राणा, संग्रामसिंह कुशवाह, मदन सिंह देवड़ा, धनसिंह सिसोदिया, नेपाल सिंह राणावत, कुशाल सिंह शक्तावत, गोपाल सिंह कोचवी, ज्ञान सिंह राठौर, बलवंत सिंह कुंताखेडी, गोविन्द सिंह कोचवी, महेन्द्र सिंह भाटी , हरि सिंह जोगीखेड़ा, श्याम सिंह टोलखेड़ी, पप्पू सिंह बुनियाखेड़ी, राजेन्द्र सिंह कचनारा, पप्पू सिंह धाकड़ पिपलिया, महेन्द्र सिंह परासली दीवान, भारत सिंह पंवार, महेन्द्र सिंह सोलंकी, कृष्णपाल सिंह एलची, कालू सिंह पाड़लिया, कोमल सिंह झलारा, नेपालसिंह धरियाखेडी, राजेन्द्र सिंह सेमलिया हीरा, विजय सिंह राठौर, भानुप्रताप सिंह सोलंकी, ब्रजपालसिंह कचनारा, केपी सिंह सिसोदिया, रघुवीरसिंह भाटी, हिम्मत सिंह राठौर, नारायण सिंह राठौर, श्रीपाल सिंह राठौर, लक्ष्मण सिंह राजावत, गजराज सिंह चावड़ा, वीरेन्द्र सिंह सोनगरा, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया, भारत सिंह राजावत, ओम सिंह राजावत, महेंद्र सिंह राजावत, अंकित सिंह, हरपाल सिंह आदि उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष श्री रघुनाथ सिंह काचरिया यात्रा कर पधारे तो समाज की और से उनका स्वागत किया गया। अंत में आभार श्री महेन्द्र सिंह भाटी दलौदा रेल ने माना।

## पगारिया में उमड़ा आस्था का सैलाब, भेरू महाराज के दरबार में सेठिया परिवारों का महाकुंभ संपन्न



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भेरु महाराज पगारिया में हजारों की संख्या में सेठिया परिवारों का सामूहिक रातीजगा कार्यक्रम अपार जोश, उत्साह, उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलश, ध्वजा, चोला व आरती और धर्मशाला की बोली लगाई गई, जिसमें निम्नलिखित सेठिया परिवारों ने बोली लगाई। इस अवसर पर सेठिया परिवारों के होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

आयोजन समिति के सदस्यों मांगीलाल सेठिया मंदसौर,संदीप सेठिया मंदसौर ,अरुण सेठिया सुवासरा, सत्यनारायण सेठिया जग्गाखेड़ी ने संयुक्त जानकारी में बताया कि रात्रि में श्री सांवलिया पैदल यात्री संघ नाहरगढ़ के कलाकार संदीप शर्मा, कमल बैरागी एवं नंदिनी तिवारी रतलाम (धार) के द्वारा आकर्षक भजनों की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में कलश की बोली का लाभ श्री बंसीलाल कन्हैयालाल सेठिया चुनावाला शामगढ़, ध्वजा की बोली का लाभ श्री रामेश्वर प्रयागराज सेठिया कयामपुर, चोला एवं आरती का लाभ श्री कैलाशचंद सेठिया नाहरगढ़ वाले पिपलियामंडी एवं श्री रामदयाल सेठिया नाहरगढ़ वाले रतलाम ने लिया। धर्मशाला के भूमि पुजन का लाभ श्री सत्यनारायण ऊंकारलाल सेठिया गरोठ, अन्नपूर्णा भवन (रसोईघर) ` लिये श्री जगदीशचंद गुलाबचंद सेठिया बिशनिया व हाल निर्माण के लिये श्री डॉ. देवीलाल वरदीचंद सेठिया पिपलिया मंडी सहयोग राशी भेंट की। धर्मशाला निर्माण में श्री गोरधनलाल बद्रीनारायण सेठिया कोटामाता, श्री सत्यनारायण कन्हैयालाल सेठिया जग्गाखेड़ी, श्री देवीलाल पन्नालाल सेठिया रोझाना वाले चौमहला, श्री राजेश मनोहरलाल सेठिया सुंठी वाले मंदसौर, श्री नाथूलाल शंकरलाल सेठिया मिर्ची वाले शामगढ़, श्री शिवकुमार पवनकुमार सेठिया झालरापाटन, श्री रामगोपाल उंकारलाल सेठिया मरलावदा वाले गरोठ, श्री घनश्याम गोरधनलाल सेठिया शामगढ़, श्री हरिनारायण बद्रीलाल सेठिया मरलावदा वाले गरोठ, श्री शिवनारायण रामनारायण सेठिया शामगढ़, श्री जगन्नाथ भेरुलाल सेठिया शामगढ़, श्री बंशीलाल किशनलाल सेठिया सुवासरा, श्री हरिवल्लभ भंवरलाल सेठिया भानपुरा, श्री जमनालाल राजाराम सेठिया सुवासरा, श्री जगदीशचंद बालाराम सेठिया खड़ावदा वाले भानपुरा, श्री बद्रीलाल मन्नालाल सेठिया नाहरगढ, श्री राधेश्याम रामचंद्र सेठिया गरोठ, श्री पवनकुमार जगदीशचंद सेठिया पोस्ता वाला चौमहला, श्री दिलीपकुमार रामकुंवर सेठिया भानपुरा, श्री प्रहलाद जगन्नाथ सेठिया सुंठी वाला मंदसौर,श्री ओमप्रकाश ओंकारलाल सेठिया मरलावदा वाले गरोठ, श्री रामगोपाल वरदीचंद सेठिया पिपलिया कराड़िया वाले मंदसौर ने सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. देवीलाल सेठिया पिपलियामंडी एवं आभार प्रदर्शन मांगीलाल सेठिया मंदसौर ने किया।

## जिले के सभी पशुपालकों के के.सी.सी.के प्रकरण तैयार कर के.सी.सी.जारी करवाए-श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के शतप्रतिशत पशुपालकों के के.सी.सी.बनाने के लिए उनके प्रकरण तैयार करवाकर उन्हें के.सी.सी. जारी करवाए जाएगें। इसके लिए जिले में एक मार्च से 30 अप्रेल तक विशेष के.सी.सी.अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कोई भी पशुपालक के.सी.सी.के लाभ वंचित नही रहे। नीमच, जावद, मनासा विकासखण्ड में उक्त अवधि में न्यूनतम तीन-तीन हजार के.सी.सी.जारी करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सोमवार को मासिक समीक्षा बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे एक मार्च से विभागीय मैदानी अमलें के माध्यम से अभियान चलाकर शतप्रतिशत पशुपालकों के के.सी.सी.प्रकरण तैयार कर केसीसी जारी करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार, सभी विकासखण्ड स्तरीय पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा, कि ग्रामीण समृद्ध में पशुपालन का अहम योगदान है और पशुपालकों को के.सी.सी. के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋष्ठा सुविधा उपलब्ध कराकर ग्रामीण समृद्धि पशुपालकों की समृद्धि में सहजता से सहयोग किया जा सकता है। अत- पशुपालन विभाग का सम्पूर्ण अमला सभी पशुपालकों को के.सी.सी.ऋष्ठा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दे।

## नीमच जिले में बेमौसम बारिश से तबाही, फसल चौपट, मुआवजा नहीं, किसानों ने हाईवे जाम कर निकाला आक्रोश



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से रबी फसलों को हुए भारी नुकसान के विरोध में किसानों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। सोमवार को भंवरासा सांदे क्षेत्र में प्रभावित किसानों ने हाइवे जाम कर प्रदर्शन किया। अचानक हुए मौसम परिवर्तन से गेहूं, अफीम सहित अन्य फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है।

प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि लगातार हुई बारिश और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा न तो सर्वे कराया गया है और न ही किसी प्रकार की राहत या मुआवजे की घोषणा की गई है। किसानों ने मांग की है कि तत्काल नुकसान का आंकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए।

हाइवे जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

प्रशासन द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया कि फसल नुकसान का सर्वे शीघ्र कराया जाएगा और नियमानुसार राहत प्रदान की जाएगी। इसके बाद स्थिति सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

## मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी की सीनियर कैडेट पूजा प्रजापत ने रचा इतिहास



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 5 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी की कैडेट पूजा प्रजापत ने गणतंत्र दिवस परेड 2026, नई दिल्ली में ऑल इंडिया गार्ड ऑफ ऑनर में चयनित होकर इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि न केवल 5 एमपी बटालियन एनसीसी, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टरेट के लिए गर्व का विषय है। पी जी कॉलेज नीमच की छात्रा पूजा प्रजापत का यह चयन किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि लगभग चार माह की कठोर मेहनत, अनुशासनबद्ध दिनचर्या और निरंतर अभ्यास का प्रतिफल है। उन्होंने कई चरणों की कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरते हुए देशभर से आए हजारों श्रेष्ठ एनसीसी कैडेट्स के बीच अपनी उत्कृष्ट ड्रिल, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के बल पर ऑल इंडिया गार्ड ऑफ ऑनर टीम में स्थान सुनिश्चित किया।

दिल्ली में आयोजित रिपब्लिक डे कैम्प के दौरान पूजा प्रजापत को देश के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष गार्ड ऑफ ऑनर में सहभागिता का गौरव प्राप्त हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर महामहिम उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी एवं डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल विरेंद्र वत्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर 5 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, ÷सीनियर अंडर अफसर पूजा प्रजापत की यह सफलता केवल एक कैडेट की उपलब्धि नहीं, बल्कि यह मंदसौर-नीमच अंचल और प्रदेश की बेटियों की सामर्थ्य का प्रतीक है। पूजा ने अनुशासन, नेतृत्व और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।÷ पूजा प्रजापत की इस ऐतिहासिक सफलता पर एनसीसी अधिकारियों, एएनओ, प्रशिक्षण स्टाफ, पी जी कॉलेज नीमच के प्राचार्य, शिक्षकों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। गाँव की बेटी की यह उपलब्धि आज हजारों युवाओं और बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है और यह संदेश देती है कि सच्ची मेहनत और दृढ़ संकल्प से छोटे गाँव से भी राष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

# डेढ़ करोड़ की डेढ़ किलो एमडी ड्रग्स जब्त, कुख्यात आरोपी गुलशेर व पैरोल से फरार आरोपी नंदु पकड़ाया



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ एवं टीम ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में डेढ़ करोड़ रुपए कीमत की डेढ़ किलो एमडी ड्रग्स एवं डोडाचूरा जब्त किया है। मामले में प्रतापगढ़ जिले के कुख्यात आरोपी गुलशेर लाला व हत्या के केस में पैरोल से फरार आरोपी नंदु पाटीदार को दबोचकर रिमांड पर लिया है। एक आरोपी देवलजी का गुलशेर लाला होकर कुख्यात बदमाश है, जिसके ऊपर अनेक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है व आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदु पिता कमलाशंकर पाटीदार निवासी ग्राम राजाखेडी जिला मंदसौर जिसके विरुद्ध भी अनेक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होकर हत्या के एक प्रकरण में पेरोल से फरार चल रहा था। आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदु वर्ष 2022 के थाना भावगढ के हत्या प्रकरण में मृतिका रेखा पति सोनु नायक निवासी अंबिका नगर की हत्या के मामले में वर्ष 2024 से पैरोल से फरार चल रहा था।

घटना अनुसार 01 फरवरी को कोतवाली को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की देवलजी प्रतापगढ राजस्थान निवासी गुलशेर खान पठान एमडी ड्रग्स की सप्लाय करने के लिये मंदसौर की ओर आने वाला है । उक्त सूचना पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी गुलशेर खान पठान पिता कासम खान पठान उम्र 50 साल निवासी ग्राम देलवजी जिला प्रतापगढ राजस्थान, आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदु पिता कमलाशंकर पाटीदार उम्र 35 साल नि ग्राम राजाखेडी थाना नई आबादी मदंसौर को एमडी ड्रग्स देने आया था। दोनो आरोपियो को वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुये धरदबोचा। दोनो आरोपियो के कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम एमडी ड्रग्स जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कुल कीमत 01 करोड 50 लाख है। दोनो के कब्जे से अवैध डोडाचूरा कीमत 07 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त किये जाने वाले वाहन दो मोटर साईकिल को जप्त किया गया है। प्रकरण की प्रारंभिक पूछताछ में जो तथ्य सामने आये है उनके अनुसंधान के क्रम में पुलिस द्वारा दोनो आरोपियो का पुलिस रिमांड प्राप्त किया जावेगा एवं अवैध नशीली एमडी ड्रग कहां से लाई, जाकर कहां दी जाना थी, इसके बारे में पता लगाया जावेगा।

## ओलावृष्टि से किसानों की मेहनत बर्बाद, आश्वासन नहीं तत्काल राहत दे सरकार- जिला कांग्रेस प्रवक्ता लाड़



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में कल हुई बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि ने मालवा के किसानों को अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने कहा कि रविवार दोपहर बाद हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से झारड़ा, काचरिया देव, किशनगढ़, मनासा खुर्द, हरमाला, अरनिया देव, पामाखेड़ा सहित अनेक गांवों में किसानों के खेतों में खड़ी अफीम, गेहूं और राई-सरसों की फसलें पूरी तरह तबाह हो गई हैं। खेतों में पानी भर जाने से नुकसान और भी गंभीर हो गया है, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत एक झटके में बर्बाद हो गई। लाड़ ने कहा कि ऐसे कठिन समय में भाजपा सरकार का केवल बयानबाज़ी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों को आश्वासन नहीं, बल्कि तत्काल राहत चाहिए। उन्होंने मांग की कि 2019 में अतिवृष्टि के दौरान कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने बिना सर्वे के किसानों को मुआवजा दिया था, उसी तरह भाजपा सरकार भी बिना देरी और बिना सर्वे के प्रभावित किसानों को तुरंत मुआवजा राशि प्रदान करे।

## म्र. प्र पूर्व मंत्री स्व. श्री पाटीदार की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया याद



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री जावद क्षेत्र के विकासवादी पुरुष जन-जन के लाडले नेता स्वर्गीय श्री घनश्याम जी पाटीदार के पुण्यतिथि जावद बस स्टैंड प्रतीक्षालय के पास घनश्याम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोज झरिया द्वारा बताया गया कि घनश्याम पाटीदार के मिनिस्टर काल में जावद क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने वाले स्वर्गीय घनश्याम जी पाटीदार द्वारा पीएमटी कॉलेज पीपीटी कॉलेज आईटीआई मोरवन डैम से जावद क्षेत्र की जनता को पानी की सुविधा देना आदिवासी क्षेत्र में गरीब व्यक्तियों को पांच-पांच बीघा जमीन के पट्टे वितरण करना जावेद कॉलेज में बीकॉम ड्ढ.ड्ड के शिक्षा प्रारंभ करना जावद क्षेत्र में गांव गांव में पानी का स्तर डोम बनवाना 1993 से लेकर 2003 तक दिग्विजय सरकार में मंत्री रहते हुए जनता के हित में विकास कार्य करवाए गए दिग्विजय सिंह सरकार में वह दिग्विजय सिंह जी के बहुत ही विश्वास पात्र विधायक रहे इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीत कांठेड़ मंडलम अध्यक्ष राजेश राठौर सेक्टर अध्यक्ष विजय तिवारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष शौकीन पटेल पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोज झरिया सेवादल जिला प्रवक्ता पंकज ऐरन पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश ग्वाला पूर्व पार्षद फजेल नबी छिपा आईटी सेल के जिला उपाध्यक्ष शिवम मुछाल राजेंद्र ऐरन सतीश नागला घनश्याम बग्गड़ मधु पांडे गोविंद राठौड़ शांतिलाल जड़ोतिया रघु सोलंकी जाकिर हुसैन नवीन पांडे यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष युवराज जरिया महेश धाकड़ आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मंत्री घनश्याम जी पाटीदार के पुण्यतिथि मनाई।

## डिवाईन पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के पूर्व छात्र नरेन विश्नोई का सीबीआई सब-इंस्पेक्टर पदभार ग्रहण करने पर हुआ सम्मान



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर की अग्रणीय संस्था डिवाईन पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के पूर्व छात्र नरेन विश्नोई पिता श्री नरपत विश्नोई सीबीआई सब-इंस्पेक्टर ( एंटी करप्शन विभाग ) नई दिल्ली में परभार ग्रहण करने के बाद पहली बार नगर एवं विद्यालय में आगमन हुआ इस अवसर पर माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन के बाद शाल ओढ़ाकर श्रीफल भेंटकर, पुष्प मालाएँ पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया सिंगोली नगर के होनहार युवा नरेन विश्नोई ने अपनी मेहनत की बदौलत यह उच्च मुकाम हासिल किया उन्होनें कहा कि जीवन में असफल होने पर हार मानकर निराश होकर नहीं बैठना चाहिए हमें सदैव सफलता के लिए प्रयास करते रहना चाहिए विद्यालय स्तर पर होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए इससे बच्चों की प्रतिभाओं में सदैव निखार आता है और निरंतर आत्मविश्वास में वृद्धि होती है संस्था के संचालक निर्मल मेहता, प्राचार्य सुनील नागोरी, व्यवस्थापक रामलाल धाकड़, जसराज शर्मा, मुरली धाकड़,धर्मराज धाकड़, गिरीराज सोनी एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा नरेन विश्नोई को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की गई।

# आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता है यह बजट, हर वर्ग के लिए अवसर - विधाक श्री परिहार



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच विधानसभा के भाजपा विधायक दिलीप परिहार ने केंद्रीय बजट को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट स्पष्ट करता है कि विकसित भारत-2047 केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की ठोस नीति, मजबूत इच्छाशक्ति और जमीनी कार्ययोजना का परिणाम है। यह बजट दूरदर्शी, समावेशी और परिणामोन्मुख है, जो देश के हर वर्ग को सशक्त करने की दिशा में तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया यह बजट गांव, गरीब, किसान और महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी है। यह बजट देश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। बजट का मुख्य फोकस युवा और महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, ग्रामीण भारत से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, कृषि और पशुपालन से लेकर उद्योग, पर्यटन, खेल और तीर्थाटन तककृयह बजट देश के हर गांव, कस्बे और शहर के नागरिकों के लिए अवसरों का नया द्वार खोलता है। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने, वेटरनरी सेवाओं और प्रशिक्षण केंद्रों के विस्तार, डेयरी एवं पोल्ट्री क्षेत्र के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी तथा 500 सरोवरों के विकास के माध्यम से मत्स्य पालन को प्रोत्साहन जैसे फैसले ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। इससे किसानों के साथ-साथ पशुपालकों और मछुआरों की आय में भी वृद्धि होगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है।

यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने इस बजट को समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी बताया। यह बजट विशेष रूप से ग्रामीण भारत, गरीबों, किसानों और महिलाओं को समर्पित है। 'विकसित भारत स्कीम' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने की योजना एक सराहनीय कदम है।

बजट में सिर्फ सामाजिक कल्याण ही नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति के हर पहलू पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा, इस बजट में उद्योग जगत को राहत देने और उनके विस्तार की रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे भारत में रोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे। बजट में हाई-स्पीड ट्रेनों के विकास और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सुगम मार्ग तैयार करने जैसी भविष्य की योजनाओं का भी जिक्र है। उन्होंने निष्कर्ष में कहा, कुल मिलाकर यह सम्पूर्ण विकसित भारत का बजट है, जो देश के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेगा।

# सम्पादकीय

## रक्षा खर्च नहीं, राष्ट्रीय निवेशः भारत की शक्ति-निर्माण यात्रा

इतिहास के कुछ क्षण केवल घटित घटनाओं से नहीं, बल्कि उनके बाद लिए गए निर्णायक फैसलों से अमर होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण विजय के तुरंत बाद प्रस्तुत 7.85 लाख करोड़ का रक्षा बजट ऐसा ही एक निर्णायक क्षण है। यह बजट मात्र व्यय का विवरण नहीं, बल्कि भारत की बदली हुई सामरिक दृष्टि, अडिग आत्मविश्वास और भविष्य की सशक्त तैयारी का स्पष्ट उद्घोष है। 15त्न की यह वृद्धि साफ संकेत देती है कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा किसी समझौते की नहीं, बल्कि सामर्थ्य, संकल्प और निर्णायक शक्ति की भाषा में परिभाषित होगी।

पिछले वर्ष के ?6.81 लाख करोड़ की तुलना में यह वृद्धि असाधारण अवश्य है, परंतु वर्तमान परिस्थितियों में पूरी तरह अनिवार्य भी है। विशेष रूप से पूंजीगत व्यय का ?2.19 लाख करोड़ तक पहुंचना और उसमें 22त्न की तेज छलांग यह दर्शाती है कि भारत अब तात्कालिक जरूरतों से ऊपर उठकर दीर्घकालिक शक्ति निर्माण की दिशा में आगे बढ़ चुका है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह निर्विवाद रूप से सिद्ध कर दिया कि आधुनिक युद्ध में तकनीक, तैयारी और आत्मनिर्भरता ही विजय की कुंजी होती हैं। इसी कारण यह बजट आंकड़ों से आगे बढ़कर एक सशक्त रणनीतिक संदेश बन जाता है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने जिस निर्णायक ढंग से दुश्मन के हवाई क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित किया, उसने क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की परंपरागत धारणाओं को बदल दिया। शत्रु ठिकानों का सटीक और प्रभावी विनाश तथा संघर्षविराम के लिए विवश करना केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि एक स्पष्ट रणनीतिक चेतावनी थी। अब यह बजट उसी चेतावनी को स्थायी सामरिक शक्ति में रूपांतरित करने का साधन बन रहा है। प्रत्येक प्लेटफॉर्म, प्रत्येक प्रणाली और प्रत्येक हथियार को स्वदेशी बनाने की दिशा में यह एक निर्णायक और दूरदर्शी कदम है।


रक्षा मंत्री द्वारा इसे रणनीतिक अनिवार्यता करार देना वर्तमान वैश्विक यथार्थ की सटीक और स्पष्ट व्याख्या है। मई 2025 के सीमित किंतु तीव्र संघर्ष ने यह उजागर कर दिया कि आतंक और अस्थिरता की जड़ें पड़ोसी भूभागों में गहराई तक फैली हुई हैं। ऐसे वातावरण में केवल रक्षात्मक रुख पर्याप्त नहीं, बल्कि आक्रामक, आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम सैन्य शक्ति की नितांत आवश्यकता है। इसी रणनीतिक सोच के अनुरूप इस बजट में विमानन, एयरो इंजन और अगली पीढ़ी की युद्ध प्रणालियों पर विशेष और स्पष्ट बल दिया गया है।

विमान और एयरो इंजन के लिए 63,733 करोड़ तथा नौसेना के बेड़े के लिए 25,023 करोड़ का आवंटन भारत की बहु-आयामी और संतुलित सैन्य तैयारी का स्पष्ट संकेत है। अगली पीढ़ी के फाइटर जेट, एईडब्ल्यू एंड सी प्रणालियां, एमएलआरएस, बीवीआर मिसाइलें और लोइटरिंग मुनिशन्स अब कागजी योजनाएं नहीं, बल्कि ठोस अधिग्रहण की प्राथमिक सूची में शामिल हो चुके हैं। कुल पूंजीगत बजट का 75त्न घरेलू उद्योग से खरीद के लिए निर्धारित किया जाना आत्मनिर्भर भारत की नीति को विचार से निकालकर ठोस जमीन पर स्थापित करता है।

स्वदेशी रक्षा उत्पादन अब केवल एक आकांक्षा नहीं, बल्कि सशक्त और स्थापित वास्तविकता का रूप ले चुका है। 1.39 लाख करोड़ से बढ़कर 1.64 लाख करोड़ तक घरेलू खरीद का विस्तार यह स्पष्ट करता है कि भारतीय रक्षा उद्योग पर सरकार का भरोसा पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। डीआरडीओ के लिए 29,100 करोड़ का आवंटन, जिसमें ?17,250 करोड़ पूंजीगत अनुसंधान और विकास के लिए निर्धारित हैं, भविष्य की युद्ध तकनीकों की नींव रखता है। यह निवेश अनुसंधान प्रयोगशालाओं को सीधे रणभूमि की आवश्यकताओं से जोड़ने वाला साबित होगा।

आत्मनिर्भरता की इस रणनीतिक यात्रा में निजी क्षेत्र, स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका लगातार अधिक निर्णायक होती जा रही है। रक्षा अनुसंधान बजट का 25त्न इन क्षेत्रों के लिए खोलना नवाचार, प्रतिस्पर्धा और तकनीकी आत्मविश्वास को नई ऊर्जा प्रदान करता है। ड्रोन स्वार्म, साइबर डिफेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रणालियां और स्पेस वारफेयर जैसी क्षमताएं अब भारत की प्राथमिक सामरिक सूची में शामिल हो चुकी हैं। यह बजट भारत को तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि सशक्त निर्माता और संभावित निर्यातक बनाने की दिशा में आगे बढ़ाता है। रक्षा निर्यात में लगातार हो रही वृद्धि इस नीति की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भारत अब वैश्विक रक्षा बाजार में एक भरोसेमंद और सक्षम साझेदार के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

## प्रदर्शन से परे यथार्थ में जीना सिखाता है सहज योग



यह समय एक ऐसा समय है जब ज्यादातर लोग स्वयं को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने की दौड़ में शामिल हैं। बच्चे पैदा होने से, जन्मदिन, विवाह और मृत्यू तक सभी यह प्रयास करते हैं कि आयोजन बढिया हो, कहीं कोई कमी किसी को नज़र ना आये। प्रदर्शनकारी व्यक्ति अपने सभी आयोजनों को अपनी नजरों से ना देखकर दूसरों की नजरों से देखता है। यहाँ हम स्वयं से इस तरह दूर होने लगते हैं? कि हमें इसका आभास भी नहीं होता। खुशी और गम हमारे अपने हैं, उसके उद्गार में किसी दिखावे की आवश्यकता नहीं है। हर व्यक्ति की अपनी एक कार्यक्षमता या सीमा होती है, अपनी क्षमता के अनुसार जितना प्राप्त होता है उतने में खुश होना श्रेयकर है।

इसके विपरीत जब इंसान अपनी काबिलियत बढ़ाने में सक्षम नहीं होता है, तो दिखावा करना शुरू कर देता है। यह साबित करने के लिए कि वह किसी से कम नहीं है परंतु यह दिखावा हमें खुशी और संतुष्टि नहीं दे सकता। हम जैसे हैं वैसे ही रहना है क्योंकि अपनी हैसियत के हिसाब से आयोजन करना हमें आत्मसंतुष्टि देगा। जबकि दिखावे के लिए किया गया हर प्रयोजन अंहकार को जन्म देगा।

परंतु परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणीत सहज योग में हमारा मन परिवर्तन होता है व हम इतने अधिक सहज व संतुष्ट हो जाते हैं कि हम जैसे हैं वैसे ही रहने में सुख महसूस करते हैं। सहज ध्यान? हमें स्वंय को देखना सिखाता है, हमारे चक्रों को चैतन्य से पोषित कर हमारे गुणों से हमारा आत्मसाक्षात्कार करवाता है। सहज योग में ऐसे सच्चे और ईमानदार व्यक्ति हैं जो जैसा बोलते हैं वैसा ही करते हैं। उनमें दिखावा नहीं के बराबर होता है। ऐसे व्यक्ति देश के लिए भी आशीर्वाद हैं।

वास्तव में आनंद का कोई मोल नहीं होता। आनंद बांटने के लिए सिर्फ आनंदित होना ही काफी है। हम आनंद में रहेंगे तो हमारे साथ वाले भी आनंदित ही होंगे। सहज योग से आत्मा का जो सुख मिलता है वह हर सुख से परे है। श्री माताजी कहती हैं आत्मेनव? आत्मन~ संतुष्ट यानि आत्मा से ही आत्मा तुष्ट हो जाती है वैसे ही जैसे अमृतपान के बाद फिर किसी और चीज की जरुरत नहीं होती। जब हम परमात्मा के साम्राज्य के अंग हो जाते हैं तब हम अपने सुख व शांति के लिए परमात्मा के आशीर्वाद के पात्र हो जाते हैं। दिनाकं 24 नवंबर 1980 के अपने एक प्रवचन में परम पूज्य श्री माताजी ने कहा, सहज योग एक ऐसी चीज़ है जो आपकी वास्तविकता को आपके भीतर स्थापित करती है, जिससे आप सुरक्षित महसूस करते हैं क्योंकि आपकी वास्तविकता सुंदर है। यह आनंद है और फिर आप इससे भागना नहीं चाहते। यही हमें समझना है, कि हम अपनी वास्तविकता को प्राप्त करने, खुद को जानने के लिए यहाँ हैं।

श्री माताजी की बातों को आत्मसात करने हेतु चलिये सहज योग ध्यान से जुड़ते हैं। आप आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# नारी देह, नारी अधिकारः माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि



भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है।

न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल महिलाओं का मामला मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है।

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार-तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है।

आज भारत नए प्रवेश के साथ आगे बढ़ने की बात करता है-डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है। समाज में जन-जागृति लाना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। कानून और आदेश दिशा दिखा सकते हैं, परंतु मानसिकता बदलना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मीडिया, शिक्षा संस्थान, धार्मिक और सामाजिक संगठन सभी को मिलकर माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ना होगा। इसे शर्म का नहीं, स्वास्थ्य और स्वाभिमान का विषय बनाना होगा। अंततः, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक शुरुआत है, मंज़िल नहीं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम इसे कितनी ईमानदारी से लागू करते हैं और कितनी संवेदनशीलता से अपनाते हैं। यदि हम सचमुच एक समावेशी, न्यायपूर्ण और मानवीय भारत का निर्माण चाहते हैं, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ नया भारत बनाना चाहते हैं तो महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों को विकास के केंद्र में रखना ही होगा। माहवारी से मुक्ति का अर्थ केवल शारीरिक सुविधा नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और संवैधानिक स्वतंत्रता है। यही स्वतंत्रता किसी भी सभ्य और प्रगतिशील समाज की पहचान होती है।

-ललित गर्ग

## एक पर एक फ्री साहित्य का पैकेज ऑफ़र

आजकल साहित्य जगत में साहित्य नहीं, स्कीम चल रही है। रचना नहीं, रिलेशन मैनेजमेंट लिखा जा रहा है और कवि? कवि अब व्यक्ति नहीं, ब्रांड है जिसके साथ कॉम्बो ऑफ़र अनिवार्य है। मेरे एक मित्र ने भोलेपन में एक साहित्यिक आयोजन कर डाला। भोले थे इसलिए कि उन्होंने सोचा मुख्य अतिथि साहित्य जगत से ही आएगा,बाकी लोग अपनी-अपनी कुर्सी लेकर खुद आ जाएँगे। उन्होंने एक तथाकथित बड़े साहित्यकार को फोन किया। उधर से आवाज़ आई आइडिया अच्छा है पर पहले शर्तें समझ लीजिए,मित्र सतर्क हो गए, साहित्य में शर्तें वही होती हैं जो प्रेम में शादी करने का झूठा वायदा और राजनीति में घोषणा पत्र। साहित्यकार बोले यदि मैं मुख्य अतिथि बन कर आऊँ, तो मेरे साथ चार लोग फ्री आएँगे, फ्री? मित्र ने पूछा। हाँ, साहित्य में अब एक पर एक नहीं, एक पर चार चल रहा है।सूची पढ़ी गई एक अध्यक्ष (जो हर जगह अध्यक्ष ही होते हैं), एक विशिष्ट अतिथि (जो विशिष्ट इसलिए हैं क्योंकि हर मंच पर दिखते हैं), एक मित्र जो तालियाँ गिनता है।और एक ऐसा व्यक्ति जिसे कोई नहीं जानता,पर हर फोटो में सबसे आगे दिखता है। मित्र ने डरते-डरते कहा सर, अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि तो तय हैं। उधर से आवाज़ अचानक गंभीर हो गई तो फिर मुझे क्यों बुला रहे हैं? मैं अकेला आकर साहित्य को क्या मुँह दिखाऊँगा? फिर शर्तें और स्पष्ट की गई ,माला फूलों की नहीं, प्रतिष्ठा की होनी चाहिए। परिचय में 'वरिष्ठ', 'महान' और 'युगद्रष्टा' शब्द न्यूनतम तीन बार बोला जाना होगा।

कविता के बाद तालियाँ इतनी देर चलें- कि आत्मा पूरी तरह तर हो जाए,और हाँ मंच से उतरते समय कोई बोले महोदय आज का कार्यक्रम आपके बिना अधूरा रहता। मित्र का सिर घूम गया। उन्होंने विनम्रता से कहा सर, आप मुख्य अतिथि बन जाइए बस, बाकी पद हम सम्हाल लेंगे। साहित्यकार ने अंतिम निर्णय सुनाया नहीं। आजकल साहित्य खुदरा नहीं बिकता या तो पूरा पैकेज लीजिए, या फिर मुझे मत बुलाइए। फोन कट गया। मित्र देर तक फोन को देखते रहे, जैसे कविता ने अचानक अनुबंध माँग लिया हो। कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि नहीं आए। पर आश्चर्य यह कि पूरा का पूरा साहित्य आ गया। बिना टीम, बिना शर्त, बिना पैकेज। कविता ठीक से सुनी गई।तालियाँ मन से बजीं और मंच पर बैठे लोग घर जाकर भी वही रहे जो मुख्य अतिथि बने थे। पीछे से किसी ने कहा आज बड़े लोग नहीं आए। मित्र मुस्कुराए कहा हाँ, आज साहित्य ऑफ़र में नहीं था। इसलिए शायद वह पूरी ईमानदारी से मौजूद था।

-संजीव ठाकुर

# आवश्यक है आर्थिक कर्तव्य पूरे करना, बजट में गिनाए गए तीन कर्तव्य



कर्तव्य संस्कृत भाषा का शब्द है। केवल 'ड्यूटी' कह देने से इसका अर्थ हल्का पड़ जाता है। इसकी व्युत्पत्ति कृ और तव्य से मिलकर हुई है। कृ धातु का अर्थ है करना, कर्म में उतरना और तव्य अनिवार्यता को दर्शाता है। इस प्रकार कर्तव्य कोई नैतिक भावना या इच्छापूर्ण संकल्प नहीं, बल्कि परिस्थितियों, सीमाओं और अपरिहार्य समझौतों के बीच किया गया एक बौद्धिक दावा है कि क्या किया जाना अनिवार्य है। आज जब वैश्विक व्यवस्था अस्थिर है, अमेरिका में ट्रंप-युग की टैरिफ राजनीति व्यापार को हथियार बना रही है और भारत जटिल एवं असहयोगी पड़ोसियों से घिरा है, तब कर्तव्य का यह अर्थ और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

ऐसे भू-राजनीतिक तनावों में नीति की वैधता घोषणाओं से नहीं, बल्कि इस स्पष्टता से आती है कि राज्य किन अनिवार्य कार्यों को चुनता है और उन्हें करने का साहस दिखाता है। इस दृष्टि से केंद्रीय बजट 2026-27 महत्वपूर्ण है। इसमें तीन 'कर्तव्यों' जैसे कि विकास को बनाए रखने, क्षमताओं और आकांक्षाओं का निर्माण करने तथा पहुंच और सहभागिता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह बजट को योजनाओं के संकलन से राज्य की कार्रवाई के सिद्धांत की ओर ले जाने का एक सुनियोजित प्रयास दर्शाता है। एक ऐसा सिद्धांत, जो पूछता है कि यदि 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा को विश्वसनीय बनाए रखना है, तो सरकार को आज क्या करना चाहिए?

पहला 'कर्तव्य' विकास को तेज करना और उसे बनाए रखना इसी यथार्थवाद को प्रतिबिंबित करता है। यहां विकास को किसी ऐसे वैरिएबल के रूप में नहीं देखा गया है जिसे केवल प्रोत्साहन देकर बढ़ाया जाए, बल्कि उसे प्रतिस्पर्धात्मकता, लचीलापन और घरेलू क्षमताओं के परिणाम के रूप में परिभाषित किया गया है। जैव-फार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट्स, रेयर अर्थ, रसायन, पूंजीगत वस्तुएं, वस्त्र और खेल उपकरणों तक फैली औद्योगिक रणनीति उस टैरिफ युक्त वैश्विक व्यवस्था के प्रति प्रतिक्रिया का संकेत देती है, जहां उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र का स्वामित्व निर्णायक बन चुका है। इसके लिए पांच वर्षों में बायोफार्मा शक्ति के लिए ?10,000 करोड़ रुपये एवं इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट्स सहायता का विस्तार करने के लिए ?40,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

चार राज्यों में रेयर अर्थ कारिडोर बनाने और ?10,000 करोड़ रुपये का कंटेनर विनिर्माण कार्यक्रम शुरू करने की बात कही गई है। साझा बुनियादी ढांचे और जोखिम आवंटन पर जोर देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि फर्म-विशिष्ट प्रोत्साहनों पर। हाई-टेक टूल रूम, केमिकल पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क और 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के पुनर्जीवन का उद्देश्य पूरे अर्थतंत्र में स्थिर लागतों को कम करना है। इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड एक और कड़ी वास्तविकता को स्वीकार करता है। ऊंची ब्याज दरों और जोखिम से बचने वाले वैश्विक माहौल में निजी पूंजी तब तक नहीं आएगी, जब तक प्रारंभिक चरण के जोखिम का सार्वजनिक आकलन नहीं किया जाता।


दूसरा 'कर्तव्य' आकांक्षाओं और क्षमताओं का निर्माण इस अनुशासन को मानव पूंजी तक विस्तार देता है। यहां कौशल को कल्याणकारी सहायता के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादक क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है। शिक्षा-से-रोजगार और उद्यमिता पर स्थायी समिति के समर्थन के साथ सेवा क्षेत्र पर केंद्रित दृष्टिकोण 2047 तक वैश्विक सेवाओं के निर्यात में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना एक स्पष्ट महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। यहां जोर वादों पर नहीं, बल्कि ठोस नीतियों पर है। पांच वर्षों में एक लाख सहायक स्वास्थ्य पेशेवर एवं अगले वर्ष में 1.5 लाख देखभाल करने वाले लोगों को तैयार करना तथा एवीजीसी, डिजाइन, पर्यटन और खेल जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर संस्थागत निवेश बढ़ाना इसी का हिस्सा है।

तीसरा 'कर्तव्य' पहुंच और सहभागिता इस ढांचे को राजनीतिक रूप से आधार प्रदान करता है। भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौर में वह विकास जो व्यापक समावेशन से वंचित हो, अंततः कमजोर सिद्ध होता है। इसीलिए सहभागिता को उत्पादक क्षमता तक पहुंच के रूप में परिभाषित किया गया है। उच्च-मूल्य कृषि और एआइ-सक्षम परामर्श प्रणालियां, महिला-नेतृत्व वाले उद्यम, कौशल से जुड़ी दिव्यांगता नीति, मानसिक स्वास्थ्य क्षमताओं का विस्तार तथा 'पूर्वोदय' राज्यों और पूर्वोत्तर क्षेत्र का लक्षित विकास इसी के अंग हैं।

ये तीन कर्तव्य एक कठोर वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रति एक सुसंगत प्रतिक्रिया का निर्माण करते हैं। भारत अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ या भू-राजनीतिक झटकों को सीधे नियंत्रित नहीं कर सकता, लेकिन वह अपनी संस्थागत तैयारी, उत्पादकता के आधार और सामाजिक एकजुटता को अवश्य आकार दे सकता है। बजट की राजकोषीय नीति इस विश्वसनीयता को और मजबूत करती है। जैसे कि बिना सख्ती के मजबूती, बिना ज्यादा खर्च के निवेश और बिना किसी रुकावट के सुधार पर जोर देती है। 'कर्तव्य' का अर्थ है ऐसा कर्म, जो राजनीतिक चक्रों और तात्कालिक प्रशंसा से परे जाकर लगातार निभाया जाए। टैरिफ राजनीति और भू-राजनीतिक अस्थिरता से भरी दुनिया में 2047 की ओर बढ़ते भारत के लिए यही वह सबसे संभावित यथार्थवादी ज्ञान-दृष्टि है, जिसे सरकार अपना सकती है।

-धनंजय राजौरा

# मीर तकी मीरः दर्द को शायरी बनाने वाला शायर



3 फरवरी को साहित्यकार, उर्दू साहित्य के महानतम शायर मीर तकी मीर (1723-1810) का जन्मदिन मनाया जाता है।मीर तकी मीर सिर्फ़ ग़ज़ल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज़ थे।मीर उर्दू ग़ज़ल को शिखर तक पहुँचाने वाले बड़े कवि थे। पाठकों को बताता चलूं कि उन्हें ख़ुदा-ए-सुख़न यानी कि शायरी का ख़ुदा/भगवान् कहा जाता है।

उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती है।उर्दू ही नहीं फ़ारसी भाषा पर भी उनकी मज़बूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है जिसमें फ़ारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामञ्जस्य हो। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म आगरा में तथा मृत्यु लखनऊ में हुई।मीर तक़ी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया। पाठकों को बताता चलूं कि उनका मूल नाम मोहम्मद तकी था।उनकी प्रमुख कृतियों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें क्रमशः ज़िक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दु रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फ़ारसी (फ़ारसी रचनाओं का संग्रह), फ़ैज़-ए-मीर (पाँच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फ़ारसी ज़बान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियाँ) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे,वे दर्द के शायर कहलाते हैं। दरअसल, मीर की ज़िंदगी मुफ़लिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में हूक और टीस महसूस होती है। उन्होंने खुद एकबार यह कहा था-मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने ग़म जमा किए तो दीवान किया। कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियाँ हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-पत्थर की भीत क्या करूँ, आँसू जो ढल गए। पाठकों को बताता चलूं कि नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी थी।मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहाँ दिल से कभी बस नहीं पाए।मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में सहल-ए-मुमतना कहा जाता है-यानी ऐसी चीज़ जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो।महान शायर मिर्ज़ा ग़ालिब भी उनके कायल थे।सच तो यह है कि ग़ालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना। ग़ालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा- रेखूते के तुम ही उस्ताद नहीं हो ग़ालिब,कहते हैं अगले ज़माने में कोई मीर भी था। वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-इब्तिदा-ए-इश्क़ है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या। हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।,नाज़ुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।,मीर उन नीम-बाज़ आँखों में, सारी मस्ती शराब की सी है। उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्मस्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था - शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुक़ाबला कौन करे। अंत में यही कहूंगा कि मीर सिर्फ़ उर्दू ग़ज़ल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज़ हैं। उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे ज़ख्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फ़ारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुँचाया और ग़ज़ल को आत्मा की आवाज़ बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ़ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

-सुनील कुमार महला

# समयावधि पत्रों की समीक्षा कर आयुक्त ने दिये दिशा निर्देश



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** टी.एल. समयावधि पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा 2 फरवरी सोमवार को आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम अधिकारियों के साथ की गई।

टी.एल. समीक्षा के दौरान आयुक्त नें विगत सप्ताह टी.एल. के निराकरणों के दिये गये निर्देशों में एल.टी.एवं एच.टी. कनेक्शन एवं पॉवर प्लांटों की दक्षता को चेक की जाने की जानकारी ली। जिसमें उपयंत्रियों को 65 प्रतिशत की दक्षता को मेन्टेन करने तथा इसमें ओर सुधार करने हेतु कहा। गार्डनों एवं सार्वजनकि स्थानों पर चल रहे नलकूपों को मेन्टेन के साथ बिजली की खपत कम होने के लिये समय समय पर नलकूपों को चलायें साथ ही ऐसे बोरिंग जो बार बार आपरेट हो रहे है उन स्थानों पर पानी की टंकी रखने के प्रस्ताव दिये जाने हेतु संबंधित उपयंत्री को कहा। साथ ही

आयुक्त ने विगत महिनों के विद्युत खपत के बिलों की राशि भी चेक की।

निर्माण कार्यो के मौके पर उपस्थित होकर उपयंत्री करायेंगे कार्य- सड़क निर्माण मे डामर एवं सिमेंट कांक्रीट से चल रहे कार्यो को स्वंय उपयंत्री मौके पर खड़े रहकर कार्य करायेंगें। साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये पूर्व में किये गये डामरीकरण सी.सी. डेमेज सडकों पर पुनः सुधार कार्य करवायें, सुधार कार्य नही होने की दशा मे संबंधित ठेकेदार/फर्म को ब्लेक लिस्टेड करने की कार्यवाही प्रस्तावित हेतु संबंधित अधिकारी को कहा कहा।

कम्पाउंडिंग लक्ष्यानुरूप नहीं होने पर आयुक्त ने दी चेतावनी- लोक निर्माण विभाग उपयंत्रियों द्वारा कम्पांउडिंग के संबंध में दिये गये लक्ष्य अनूरूप कार्य नहीं होने पर आयुक्त ने चेतावनी देते हुये कार्य मे प्रगति लाने को कहा। मुख्य मार्ग एवं एबी रोड़ पर निर्मित मल्टीयों भवनों व मॉल में पार्किंग की जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर वार्ड उपयंत्रियों को सूचना पत्र देने के साथ जिन मॉल, कम्पलेक्स, मल्टीयों मे पर्किंग के साथ दुकाने भी संचालित है उनको अंतिम सूचना पत्र दें, समयावधि पश्चात दुकाने सील करने की कार्यवाही करने हेतु कहा।

सिवरेज कनेक्शन की राशि नही वसुलने पर स्वच्छता निरीक्षकों पर अप्रसन्नता व्यक्त की - जिन वार्डो में सिवरेज कनेक्शन नागरिकों द्वारा करा लिये हैं उनका रजिस्ट्रेशन करने के साथ ही कनेक्शन राशि जमा नहीं कराने पर स्वच्छता निरीक्षको को पुनः लक्ष्य अनुरूप 7 दिवस में वसुली नहीं करने पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिये।

अनाधिकृत कालोनियों पर होगी कार्यवाही- अवैध रूप से निर्माण की जा रही 2016 के बाद की कालोनियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश आयुक्त ने प्र. सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी को दिये।

ई केवाईसी पर फोकस करें- उपायुक्त जाकिर जाफरी को ई केवाईसी के लक्ष्य को पूर्ण करने तथा पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत जमा हो रहे फार्म के साथ वार्डो में चल रहे केम्प में प्राप्त फार्मो की जांच एवं कार्यो पर फोकस करने हेतु कहा।

एबी रोड़ एवं मेन सड़कों पर अब नहीं लगेंगे फल फ्रूट सब्जी एवं अन्य सामग्री विक्रेताओं के ठेले- आयुक्त दलीप कुमार ने मुख्य मार्गो पर अस्थाई अतिक्रमण कर जगह जगह ठेले लगा कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले छोटे व्यवसायक (ठेले वालों) को स्थानांन्तरित गंगा नगर स्थित शरदा माता मंदिर के पीछे निगम की खाली भूमि पर करने के दिये निर्देश ।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के समर्थन में जयस ने किया प्रदर्शन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) के कार्यकर्ताओं ने एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पद से हटाने के विरोध में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन किया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने राजराजेश्वरी मंदिर से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल रैली निकाली।

जयस कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा जिसमें बताया कि आदिवासी समाज की चिंतामणी चौहान, जो भिलाला जाति से हैं, ग्राम खोरियाएमा की आंगनवाड़ी में तीन माह तक कार्यरत थीं। उन्हें बिना किसी उचित कारण या सूचना के पद से हटा दिया गया। इस संबंध में समाजजनों ने 7 जनवरी 2026 को भी एक ज्ञापन देकर उनकी नौकरी बहाल करने की मांग की थी। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि चिंतामणी चौहान की जगह जिस महिला को नियुक्त किया गया है, उसका बीपीएल कूपन फर्जी है। इस संबंध में पूर्व में दिए गए ज्ञापन में विस्तृत जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जयस के जिला अध्यक्ष सुनील भिलाला ने मांग की कि आंगनवाड़ी की नौकरी से अकारण हटाने की कार्रवाई करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चिंतामणी चौहान के संबंध में कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया तो समाजजन महिला के हित में चक्काजाम और जन आंदोलन करेंगे।

कलेक्टर के इंतजार में तीन घंटे किया इंतजार- कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद जयस कार्यकर्ता दोपहर 1 बजे से कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने पर अड़े रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर और एसडीएम ने ज्ञापन लेने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन देने से इनकार कर दिया। लेकिन तीन घंटे से अधिक समय तक इंतजार के बाद कार्यकर्ताओं ने एसडीएम मनीषा वास्कले को अपना ज्ञापन सौंपा।

## जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री साबिर अहमद सिदिक्की ने बताया कि देवास जिले को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस सौ दिवसीय विशेष अभियान के तहत शहर के प्रमुख स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों के जरिए नागरिकों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटकों की टीम भारत सरकार द्वारा गठित की गई जिसमें जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में चिमना बाई शासकीय विद्यालय देवास एवं उत्कृष्ट विद्यालय में प्रस्?तुति दी। इन नाटकों के माध्यम से कलाकारों ने बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों और शासन द्वारा जारी चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्री मोहनलाल अहिरवार, श्रीमती समीक्षा जैन, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती गीता ठाकुर और विशेष किशोर पुलिस इकाई से सुश्री संध्या दुबे, बाल कल्याण समिति के सदस्य, जिले के अग्रणी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और महिला बाल विकास विभाग का अमला उपस्थित था।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. एकता जायसवाल द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीमती गीता ठाकुर ने बाल विवाह रोकथाम के लिए संकल्प दिलाया और सामूहिक शपथ दिलाई।

# म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम आयोजित

### पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई योजना, लोगों को किया प्रेरित



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्टेशन रोड़ पर मप्र जन अभियान परिषद् नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्रमांक 02, 03 व 29 द्वारा गत दिनो सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय ग्राम विकास पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परिषद जिला समन्वयक विष्णु नागर एवं ब्लाक समन्वयक बसंत रावत के निर्देशन तथा नगर विकास समिति अध्यक्ष मंगल नाहर के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रम में समिति सचिव चंचलनाथ योगी ने बताया कि किस प्रकार हमें क्षेत्र में स्वच्छता का वातावरण निर्मित करना चाहिए और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पर्यावरण को दूषित हो होने से बचाया जा सकता है और पौधारोपण के साथ अवैध वृक्ष कटाई के लिए भी अभियान चलाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर भी चर्चा की गई। सचिव श्री योगी ने उपस्थितजनों को प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां भी प्रदान की साथ ही आमलोगों को उक्त योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात भी कही। कार्यक्रम का संचालन म.प्र.जन अभियान परिषद के प्रवक्ता शेखर वर्मा ने किया और अंत में आभार संस्था सहसंगठन मंत्री सचिन भदौरिया ने माना।

# संतो ने दिया एक पंगत-एक संगत का संदेश

### गिरवर मंडल में आयोजित हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए हजारों समाजजन




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री गिरवर हनुमान मंदिर हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में गिरवर मंडल, शाजापुर में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में नगर एवं ग्रामीण अंचलों से विभिन्न समाजों के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और राष्ट चेतना का परिचय देने के साथ ही एक पंगत-एक संगत का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तक्षशिला एकेडमी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात एक बालिका द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत पर प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि के साथ सराहा। सम्मेलन में संत समाज से श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कृष्णदास महाराज, साध्वी हेमलता दीदी सरकार, गिरवर हनुमान मंदिर के महंत महेंद्र भागवत दास जी विशेष रूप से मंचासीन रहे। साध्वी हेमलता दीदी सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि संत, संघ और सनातनकृतीनों के समन्वय से ही समाज में वास्तविक समरसता स्थापित की जा सकती है। जब समाज अपने संस्कारों से जुड़ता है, तभी राष्ट सशक्त बनता है। उन्होंने सामाजिक एकता, संस्कार और राष्ट्रप्रेम को जीवन में उतारने का आह्वान किया। महामंडलेश्वर कृष्ण दास जी महाराज ने धर्म, संस्कृति और सेवा के माध्यम से समाज को जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है। सनातन परंपरा की रक्षा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन मंडलोई ने किया तथा आभार समिति के संयोजक धीरप सिंह हांडा ने माना।

पंच परिवर्तन पर दिया गया विशेष बल- मुख्य वक्ता श्री राजेश जाधम ने समाज और राष्ट के उत्थान हेतु पांच परिवर्तनकृस्व, परिवार, समाज, पर्यावरण और राष्ट्कृपर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति स्वयं से परिवर्तन की शुरुआत करता है, तभी समग्र समाज और राष्ट का विकास संभव है।

# देश की सुरक्षा करेगा सहज पब्लिक स्कूल का प्रद्युम्न पटेल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल के एक और छात्र ने विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है, जिसने अपनी मेहनत और शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन से अपने सपनों को साकार करने में सफलता हासिल की है। प्रद्युम्न पटेल का चयन एयरफोर्स के लिए हुआ है। जिसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

प्रद्युम्न का बचपन से ही देश की सेवा करने का सपना था। अपनी यह मंशा प्रद्युम्न ने अपने प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन को बताई, जिन्होंने उसे सही मार्गदर्शन दिया और इसके लिए की जाने वाली तैयारियों व परीक्षा के बारे में बताया। यही नहीं उन्होंने विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से भी प्रद्युम्न को सही राह दिखाई। इसके बाद बारी थी कड़ी मेहनत की जिससे प्रद्युम्न ने कभी मुंह नहीं मोड़ा। नतीजा यह हुआ कि प्रद्युम्न का चयन इंडियन एयरफोर्स में कारपोरल पद पर हुआ है, जिसे दिल्ली में अपने देश की सेवा करने का मौका मिला। इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन ने कहा कि प्रद्युम्न की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। संचालिका आशा जैन सहित विद्यालय परिवार ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए प्रद्युम्न के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

परीक्षा के साथ की एयरफोर्स की तैयारी- प्रद्युम्न की गिनती विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों में की जाती रही है। जिसके चलते उसने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ एयर फोर्स के लिए भी तैयारियां जारी रखी। स्कूल से आने के बाद वह अपनी नियमित पढ़ाई करता और रात के समय वह अपने सपनों को पूरा करने में जुट जाता था। इसी मेहनत के दम पर प्रद्युम्न ने अपना सपना पूरा किया और इंडियनर एयर फोर्स के माध्यम से देश की सेवा करने का उसे मौका मिला।

## कभी गर्म, कभी सर्द रहा मौसम का मिजाज



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2026 की शुरूआत से शुरू हुआ सर्दी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि जनवरी माह बीत चुका है इसके बाद भी सर्दी से नगरवासियों को पूरी तरह से राहत नहीं मिल पा रही है। सोमवार को भी नगरवासियों के दिन में पसीने छूटे तो शाम को सर्द हवाओं ने ठिठुरने पर मजबूर कर दिया।

इन दिनों आसमान पर बादल छाए हुए हैं, जिससे उम्मीद थी कि सर्दी कम होगी। दोपहर तक मौसम भी ऐसा ही बना हुआ था, लेकिन शाम होते-होते हवाओं की गति बढ़ने लगी और मौसम सर्द हो गया। जिसने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। इस दिन अधिकतम तापमान 28.2 व न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री दर्ज किया गया और उत्तर पश्चिमी हवाओं की गति 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रही। यही कारण था कि लोगों को तापमान बढ़ने के बाद भी सर्दी का एहसास हो रहा था। यही नहीं रात में भी अचानक चलने वाली सर्द हवाएं भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।

बिन बरसे लौटेंगे बादल, सर्दी से मिलेगी राहत- मौसम विभाग की माने तो अब बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि सिस्टम बना था और सोमवार को तेज बारिश की संभावना थी, लेकिन अब आसमान साफ होता रहेगा। एक-दो दिन और हल्के बादल रहेंगे। इसके बाद आसमान साफ हो जाएगा। वहीं 6 तारीख से मौसम पूरी तरह सामान्य हो जाएगा। इसी के साथ तापमान भी बढ़ने लगेगा। उन्होंने बताया कि अब सर्दी का मौसम भी अंतिम दौर में है।

## अ.भा. कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ ने किया हल्दी कंकू का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवास की महिला प्रकोष्ठ द्वारा हल्दी कंकू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला शहर अध्यक्ष निकिता निगम ने बताया कि कार्यक्रम की संयोजिका शशी खरे महिला प्रदेश उपाध्यक्ष के निवास स्थान पर देवास जिले की चित्रांश बहनों ने मिलकर हल्दी कंकु का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम महिला कार्यकारिणी ने महिलाओं से संबंधित सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं पूरे वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई साथ ही वर्ष 20 26 की नई बीसी के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी चित्रांश बहनों ने वर्ष के कार्यक्रमों को वार्षिक कैलेंडर के रूप में तैयार करने की सहमति दी। जिला एवं शहर कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा नवनिर्मित चित्रगुप्त वाटिका के निर्माण को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के लिए सभी से अधिक से अधिक तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करने की अपील की गईं कार्यक्रम में सभी चित्रांश बहनों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर सुहाग की सामग्री प्रदान की एवं कई मनोरंजक कार्यक्रम संगीत एवं नृत्य के साथ प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शिमला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव, संगठन सचिव लीला सक्सेना,कार्यकारिणी सदस्य रेखा भटनागर, विद्या निगम, वरिष्ठ सलाहकार स्वाति श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, शिखा सक्सेना एवं शहर कार्यकारिणी की सचिव रश्मि श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव जय निगम, कार्यकारिणी सदस्य कविता श्रीवास्तव,रश्मि सक्सैना, उन्नति श्रीवास्तव ,मीरा खरे, अलका निगम, अनीता आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ किया गया। समस्त चित्रांश बहनों का आभार शशि खरे प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा मना गया।

## दीप जलाकर मनाई संत रविदास जयंती



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गोमतेश्वर महादेव मंदिर गोमती नगर में संत शिरोमणि रविदास महाराज की 649वीं जयंती के अवसर पर दीपक उत्सव मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा दीपक प्रज्ज्वलित किए गए। इस अवसर पर यशवंत तिवारी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने भी सामाजिक समरसता के कार्य पर सदैव जोर दिया। सभी सनातनी उनके विचार मन चंगा तो कटौती में गंगा पर पूरी श्रद्धा रखते हैं। वर्तमान समय के चुनौतीपूर्ण वातावरण में रविदास के विचार और भी प्रासंगिक है।

# महापुरूषों के पोस्टर फाड़कर किया था उन्माद फैलाने का प्रयास



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिन्दू सम्मेलन के लिए आयोजन समिति द्वारा लगाए गए महापुरूषों के बैनर पोस्टर फाड़कर धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

दरअसल घटना की सूचना मिलने पर हिंदू संगठनों में रोष फैल गया था। शहरभर में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। मक्सी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसपास के रहवासियों से पूछताछ की। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान शाकिर पिता फकीर मोहम्मद (निवासी कलाभाटा) और राहुल पिता लीलाधर गोस्वामी (निवासी कलाभाटा, मक्सी) के रूप में की है। इनके खिलाफ धार्मिक उन्माद फैलाने की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने और सामाजिक माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं शहरवासियों ने भी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्ती आवश्यक है। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक संजय वर्मा, उप निरीक्षक अरविंदसिंह तोमर, विजय खत्री, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र बुंदेला, प्रधान आरक्षक रामेश्वर जाटव, राजेश पटेल, आरक्षक शेखर जाट, राहुल जाट, जगदीश मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं टीम के उत्साहवर्धन हेतु एसपी द्वारा भी उचित परितोषिक प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।

## श्रमिक समस्या समाधान केंद्र पर हायर पेंशन को लेकर बैठक संपन्न

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रमिक समस्या समाधान केंद्र, 162-ए कॉलोनी बाग पर हायर पेंशन से संबंधित विषय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इंटक जिला अध्यक्ष महेश राजपूत ने बताया कि बैठक में हायर पेंशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रम अधिवक्ता (लेबर) बाबूलाल नागर ने हायर पेंशन से जुड़े कानूनी पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 01 फरवरी 2026 रविवार को सुबह 10 बजे मां कैलादेवी चौराहा स्थित अग्र कुल प्रवर्तक अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम जी गोयल (जवाहर नगर)विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाशचंद्र गोयल,, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल, राजेश अग्रवाल मामा महेश अग्रवाल, पवन गोयल, जगदीश प्रसाद गर्ग, दिनेश मोदी दिलीप अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, देवेंद्र बंसल, संजय मित्तल, एवं अन्य वरिष्ठ समाजजन नवयुवक मंडल से सौरभ गोयल, विपुल अग्रवाल, भानु अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, हेमंत गोयल, दिलीप अग्रवाल, प्रिंस गोयल, हेमंत अग्रवाल, डॉ अंकित अग्रवाल, दीपू गोयल, सचिन मंगल, , हरीश अग्रवाल वरुण अग्रवाल विपुल अग्रवाल गंगाराम अग्रवाल और अन्य सभी युवा वर्ग साथी भी शामिल रहे। सभी की उपस्थिति ने माल्यार्पण के कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। दुर्गेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में इसी प्रकार एकजुट होकर नियमित रूप से सामाजिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया सभी समाज सदस्यो का समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यो को हमेशा इसी प्रकार एकजुट होकर कार्य करने हेतु आभार व्यक्ति किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था के लिए शरद अग्रवाल का भी आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी समाज सचिव विजय कैलाशचंद्र गोयल द्वारा दी गई।

# डॉ. नेहा आनंद बनीं आईडीए देवास की अध्यक्ष



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) देवास शाखा के सत्र 2026-27 का स्थापना समारोह एवं दंत व्याख्यान शनिवार, दिनांक 31 जनवरी को आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकार अहमद ने डॉ. नेहा आनंद को नए सत्र के लिए शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर भोपाल से पधारे डॉ. विप्लव जोशी ने दंत चिकित्सा एवं कानून विषय पर व्याख्यान दिया। शाखा सचिव डॉ. निष्ठा जैन के संचालन में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक रहे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जी. डी. अवधिया एवं डॉ. राजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकार अहमद ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सहयोगियों के योगदान की सराहना की। नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नेहा आनंद ने देवास शाखा के भविष्य के प्रयासों में विश्वास जताते हुए शाखा की प्रगति की सराहना की। व्याख्यान में डॉ. विप्लव जोशी ने दंत चिकित्सकों द्वारा जाने-अनजाने में होने वाली कानूनी त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में डॉ. नितिन मुंगी, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. वरुण आनंद, डॉ. वरुण त्रिपाठी, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. अशोक सेंधव, डॉ. राहुल राठौर, डॉ. यशस्विनी चौधरी, डॉ. चेतना जायसवाल, डॉ. तौसीफ शेख, डॉ. रोहित यादव, डॉ. वसीम पठान, डॉ. शमा पठान, डॉ. शेनिला कुरैशी, डॉ. तंज़िला कुरैशी, डॉ. विष्णु जायसवाल, डॉ. किरण मिश्रा, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, डॉ. गजाला परवीन, डॉ. अरुण परमार, डॉ. चेतन जोशी, डॉ. राजसी केलकर, डॉ. अभिराज सोनी, डॉ. वैदिक पटेल एवं मानस वर्मा उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. अभिषेक सोनी ने किया।

# मान्यता आठवीं की पढ़ा रहे हैं हाई स्कूल व हाई सेकेंडरी के छात्रों को

## खाचरोद तहसील में शिक्षा माफिया उड़ा रहे हैं सरकार के नियमों की धज्जियां




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** शिक्षा से ही इंसान का जीवन बेहतर हो सकता है, शिक्षा से समाज को सुधारा जा सकता है और शिक्षा से ही देश का निर्माण होता है लेकिन वर्तमान में शिक्षा को व्यापार बनाकर शासकीय नियमों को धत्ता बताते हुए खुलेआम सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों का मुंह चिढ़ाते हुए निजी विद्यालय संचालक सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का जमकर उल्लंघन कर रहा है।

उसके बावजूद भी शिक्षा विभाग के जिम्मेदार एवं सरकार के द्वारा नियुक्त अधिकारी इन सबको देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं या आंखों पर पट्टी बांधकर धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रहे हैं यह तो वही जानते हैं हम बात कर रहे हैं उज्जैन जिले के खाचरोद तहसील के कनवासा गांव की जहां पर संचालित होने वाले निजी विद्यालय श्री कृष्णा एकेडमी व सन ग्रोवर माध्यमिक विद्यालय दोनों ही विद्यालय कनवासा में पास पास में स्थित है दोनों के पास आठवीं तक की मान्यता है लेकिन हमारे सूत्रों का कहना है कि उनके पास मानता तो आठवीं तक की है लेकिन यह सरकार के नियमों का उल्लंघन करते हुए यहां पर सनरोवर स्कूल में नवीं-दसवीं के छात्र-छात्राओं को पढ़ाते हैं तो वही श्री कृष्णा एकेडमी द्वारा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है जो की सरकार के नियमों की घोर अव्हेलना है बताया जाता है कि श्री कृष्ण एकेडमी में किसी नागदा के विद्यालय के बच्चों को पढ़ाया जाता है जबकि नियमानुसार अन्य विद्यालय के बच्चे जिन कक्षाओं की मान्यता विद्यालय के पास नहीं है उन कक्षा के बच्चों को पढ़ना संचालक द्वारा शासकीय नियमों को घोलकर पी जाने के बराबर है आपको बता दे की श्री कृष्ण एकेडमी के संचालक दीपक पुरी गोस्वामी वह सनग्रोवर स्कूल के संचालक अश्विनी सिंह द्वारा शासन के नियमों को धत्ता बताते हुए उन्हें घोलकर पीते हुए नजर आ रहे हैं क्योंकि निजी विद्यालय संचालित करने से पहले शासन को उनके द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हुए आवेदन किया जाता है इसमें मुख्यतः खेल मैदान व लाइब्रेरी अहम होती है लेकिन यदि इन स्कूलों की धरातल पर जाकर वास्तविक स्थिति देखी जाए तो आपको पता चलेगा कि इन दोनों स्कूल के महान संचालकों द्वारा शिक्षा को व्यापार बनाकर अपने जेब भरने तक ही सीमित रखा है क्योंकि उनके स्कूलों तक जाने वाला रास्ता जो है वह काफी खराब है कच्चा होकर वहां पत्थर है जिससे बच्चों के गिरने की भी संभावना बनी रहती है और खेल मैदान की यदि बात की जाए तो स्कूल के सामने सीमेंट कंक्रीट का किया हुआ है और आसपास ट्रेक्टर कृषि संबंधित उपकरण रखे हुए हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्या ऐसी स्थिति में देश के भविष्य कहे जाने वाले नौनीहाल वहां पर खेल सकते हैं यदि खेल के दौरान उन्हें कोई चोट लगी तो उसकी जवाबदारी किसकी होगी क्योंकि वर्तमान स्थिति अनुसार तो यह स्पष्ट है कि यदि बच्चे उस प्रांगण में खेलेंगे तो कहीं ना कहीं चोटिल जरूर होंगे इतनी खामियां और कमजोरी होने के बावजूद भी खाचरोद ङ्क्रष्ट पुष्पराज तिवारी द्वारा इस और कोई संज्ञान ना लेना और अभी तक कार्रवाई न करना कहीं ना कहीं इन विद्यालयों के नियमों के विपरीत संचालित होने में इनकी भी अहम भूमिका नजर आती है अब देखना यह होगा कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी इस और क्या कदम उठाते हैं और शासन के नियमों के विरुद्ध जाकर अपनी मान्यता से भी ऊपर के क्लास के बच्चों को पढ़ना अर्थात आठवीं की मान्यता वाले विद्यालय में नवीं-दसवीं के बच्चों को पढ़ाने पर विद्यालय संचालक पर व विद्यालय पर किस प्रकार की कार्रवाई होती है यह तो आने यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

इस संबंध में खाचरोद BRC पुष्पराज तिवारी से चर्चा करनी चाहिए तो उनसे फोन से संपर्क नहीं हो पाया वहीं उज्जैन DPC अशोक कुमार त्रिपाठी से भी जानकारी लेना चाहिए तो उनसे भी फोन पर संपर्क नहीं हो पाया।

## भाजपा नेता समाज की अग्रणी पंक्ति मैं हमेशा खड़े रहने वाले मंडल महामंत्री तेजू जटिया की उपस्थिति मे रविदास जयंती धूमधाम से बनाई गई



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी कि जयंती रविदास समाज नवयुवक मंडल द्वारा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर मुख्य अतिथियों मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, नगरपरिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, विकास जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि जीवन मालवीय, मयुर जैन, मंडल महामंत्री तेजूलाल जटिया, राधेश्याम कपासिया, रामसिंग कपासिया, रमेश परमार,रूगनाथ परमार,जीवन सोलंकी, निर्भय सिंह, कैलाश सुनरी, रूगनाथ कपासिया, चन्दर आदि मंचासिन का रविदास समाज नवयुवक मंडल द्वारा पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया अतिथि ने रविदास जी पर अपने अपने विचारों को व्यक्त किया बताया कि संत रविदास जी महाराज ने समाज को नई दिशा दी समाज को उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए रविदास ने अपने दिन कठिनाइयों में बिताकर समाज को एकता का संदेश दिया यह बात कार्यक्रम में कहीं साथ ही अतिथि के रूप में उपस्थित विकास जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज के बताए रास्ते पर चलते।

# ग्राम कडलावद धाम में हजारों लोगों की समस्या का होता है समाधान




**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया राजगढ़ जिले का ऐसा गांव जिस गांव को कडलावद धाम के नाम से जाना जाता है जहां सोमवार एवं मंगलवार के दिन बैठक आयोजित की जाती है श्री श्री गुरुदेव मोड सिंह भगत जी द्वारा हर लोगों की समस्या सुनी जाती है या दूर-दूर से बचपन से ही ना बोलना ना सुना सहित सभी प्रकार की परेशानी जेसे हजारों लोगों धाम पर आते हैं सोमवार एवं मंगलवार को धाम पर बैठक होती अभी तक इस धाम को करीब 6 माह से अधिक बीत चुके हैं जहां से अभी तक सैकड़ो लोगों की समस्या का समाधान हुआ है सोमवार मंगलवार को लगने वाले दरबार में प्रदेश सहित अन्य राज्य से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं यहां आने वाले लोग बताते हैं यहां आने के बाद हमारी बरसों पुरानी समस्या का समाधान हो रहा है राजस्थान झालावाड़ देवास आगर होशंगाबाद से आने वाले पिडित परिवार ने बताया कि पिछले कहीं वर्षों से पीड़ित और परेशान थे लेकिन ग्राम कडलावद धाम आने से बहुत फायदा मिला है दरबार में संपूर्ण नि शुल्क व्यवस्था होती है भगत जी परिवार की ओर से आने वाले तमाम लोगों को व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाती है यह दरबार सोमवार के दिन लगता है लेकिन सोमवार के दिन हजारों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं उनके सबकी अर्जी लग नहीं पाती है इसलिए धाम समिति ने निर्णय लिया और सोमवार के साथ ही सोमवार के दिन जो अर्जी में रहें जाते उनकी मंगलवार के दिन अर्जी लगाई जाती है इसलिए धाम स्थल पर सोमवार मंगलवार 2 दिन निर्धारित किया गया है उक्त स्थान पर जाने के लिए सारंगपुर से भैंसवा माताजी मार्ग से होकर जाना पड़ता है।

# फर्जी आपत्ति कर्ताओ पर प्रकरण दर्ज हो, भाजपा नेता खुद लगवा रहे आपत्तियां- रघुवंशी

**बुरहानपुर/ आयूष भावसार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** निर्वाचन आयोग ने बड़े-बड़े दावों के साथ कहा था कि SIR के ज़रिए वह मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण कर रहा है।

लेकिन अब साफ़ समझ में आ रहा है कि स्ङ्खक्र अपने काम में पूरी तरह विफल रही है। पहले तो प्रदेश में यह तथ्य सामने आया कि हज़ारों लोगों के नाम कटवाने के लिए फ़र्ज़ी तरीक़े से आवेदन किया गया है। अब यह बात भी सामने आ गई है कि एक ही व्यक्ति के नाम से दर्जनों लोगों के नाम काटने के आवेदन भेजे गए और उस व्यक्ति को ऐसे किसी आवेदन की जानकारी ही नहीं है। हमारे नेता श्री राहुल गांधी ने शुरुआत से ही कहा है कि SIR वोट चोरी का खुला षड्यंत्र है।

सारी प्रक्रिया जनता को परेशान करने और भारत के सम्मानित नागरिकों को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से चलायी गई। जनता के सामने यह ढोंग रचा गया कि मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण किया जा रहा है। जबकि पिछले दरवाज़े से ऐसे लूप होल छोड़ दिए गए जहाँ से सत्ताधारी पार्टी अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ मतदाताओं का चयन कर सके। जब निर्वाचन आयोग का BLO एक-एक घर जाकर SIR के दौरान मतदाताओं को जाँच परख चुका है तो उसके बाद किसी ग़ैर सरकारी व्यक्ति द्वारा किसी मतदाता का नाम काटने की सिफ़ारिश करने की क्या तुक है? इसका सीधा मतलब है कि निर्वाचन आयोग को खुद ही SIR की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भरोसा नहीं है और वह जानबूझकर पार्टी विशेष को लाभ पहुँचाने के लिए इस तरह के प्रावधान कर रहा है।

उक्त फर्जीवाड़ा पूरे देश मे सिर उठा रहा है,इस संबंध में कांग्रेस नेता श्री अजयसिंह रघुवंशी ने समस्त कांग्रेस के पार्षद दल के साथ पत्रकार वार्ता में जिले में चल फर्जीवाड़ा पर सवाल उठाए,। श्री रघुवंशी ने कहा कि जिले में इतने उदाहरण दिए जा सकते है कि जो कि संविधान में आम आदमी को मताधिकार के कानून का खुला उलंघन है,एक तरफ SIR में 2003 कई सूची को प्रार्थमिकता दी जा रही है वही दूसरी ओर 1994 में पार्षद का चुनाव जीते हमारे कई पार्षदों को नाम काटने के नोटिस दे दिए गए,जिन्हें स्वयं कलेक्टर प्रमाण पत्र दे चुके है। श्री रघुवंशी ने एक आपत्ति कर्ता का ऑडियो प्रस्तुत किया जिसमें वह कह रहा है कि उसे नेपानगर की विधायक ने आपत्ति लेने को विवश किया।

इस प्रकार भाजपाई केवल ऐसे मतदाताओं के नाम काटने में लगे है जो भाजपा के समर्थक नही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से शासन प्रशासन और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की किसी भी आम नागरिक के वोट का हनन किया गया तो वे उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ेंगे।एव उन फर्जी आपत्ति कर्ताओ के खिलाफ शासकीय कार्य मे बाधा एवं नागरिक के अधिकार के हनन की धाराओं में प्रकरण दर्ज करे। इस अबसर पर श्री अजयसिंह रघुवंशी के साथ निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव के अलावा पार्षद गण ईस्माइल अंसारी,अजय उदासीन,उबेद शेख,फहीम हाशमी,अब्दुल्ला अंसारी,अजय बालापुरकर,बाबा भाई, विनोद मोरे,अकील औलिया,आसिफ शेख,आरिफ खान,मुज्जु मीर,हमीद डायमंड,महेंद्र सुरवाड़े,हफीज मंसूरी,नोमान खान,इनाम अंसारी,जहीर अब्बास,के अलावा गब्बू सेठ,आरिफ ठेकेदार, गौरी शर्मा,दिनेश शर्मा,अमर यादव,वाजिद ईकबाल, सईद सेठ,उबेदुल्ला, मुशर्रफ खान,मजहर अंसारी,जावेद खान,नजिर अंसारी,सिद्दीक पहलवान, हेमंत पाटिल,अशोक पाटिल,पप्पू पाटिल आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनी गुरु रविदास जी जयंती, बड़ी संख्या में समाज जन शामिल



**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती पर आलोट में गूंजा गुरु रविदास जी का जयकारा। जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में उप्पली टोली राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हों कर, तादाद में लोग दशहरा मैदान में एकत्रित हुए और वहां से डी.जे. घोड़े ढोल बैंड धमाके के साथ बाजार में शानदार जुलूस के रूप में निकले जिससे लंबे समय तक आवागमन बाधित रहा।

चल समारोह ने मंडी पहुंचकर सभा का रूप धारण किया जहां मुख्य अतिथि क्षेत्रीय के विधायक श्री चिंतामन जी मालवीय, जिला पंचायत सदस्य संतोष जी पालीवाल, जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बंसीलाल जी सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष गोरधन लाल जी रांगी, वि.स. अध्यक्ष बगदीराम जी समाज के वरिष्ठ श्री बद्रीलाल जी परिहार निजाम जी काजी डॉ देवेंद्र मोर्य अहिरवार आदि ने मंच को संबोधित किया इस अवसर पर विधायक जी द्वारा आलोट सामाजिक मंदिर हेतु ?500000 बरखेड़ा कला सामाजिक मंदिर प्रांगण के पास चौक निर्माण हेतु 5 लाख जिला पंचायत सदस्य पालीवाल जी द्वारा ग्राम पीपल खेड़ी में सामाजिक वर्ग के कार्यक्रमों के लिए टीन सेट हेतु 5 लाख की घोषणा की इनके अलावा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा भी सामाजिक घोषणा की गई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माता बहने और समाजजन शामिल हुए जिसे नगर के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह पुष्प माला से स्वागत हुआ नगर में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी, अजीत बोरासी मित्र मंडल विश्व हिंदू परिषद अखिल भारतीय बलाई महासभा अजाक्स कर्मचारी संघ विक्रम सिंह सरपंच मित्र मंडल बालाजी फर्नीचर नगर परिषद आलोट पदम जैन मित्र मंडल आदि द्वारा भव्य रूप से कार्यक्रम का स्वागत किया गया इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन रखा गया बड़ी संख्या ने भक्तों ने कार्यक्रम और प्रसादी का लाभ लिया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता विनोद परिहार ने किया आभार बंसीलाल सूर्यवंशी सरपंच ने माना। समाज के रामलाल जी, बद्री लाल जी, लक्ष्मण जी माल, मनोहर जी राँगी, विनोद जी जितेंद्र रांगी, देवीलाल जी, नागूलाल जी, दशरथ जी, दिनेश जी, अंबालाल जी,आदि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।।

# आज ये बच्चे चमकते सितारे, जल्द ही पूरी दुनिया को अपनी रोशनी से चमकाएंगे - श्री शुक्ला




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद बच्चे होते है ये उस राष्ट्र रूपी वृक्ष की शाखा है जो नई पीढ़ी को कार्य आराधना के फल प्रदान करता है उक्त विचार महिला एवं बाल कल्याण समिति के सचिव व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष शुक्ला ने स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. बडनगर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह के अवसर पर विद्यालय परिसर में केशव माधव सभागृह में व्यक्त किये आपने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा की आज ये बच्चे चमकते सितारे है जल्द ही पूरी दुनिया को अपनी रोशनी से चमकाएंगे और आगामी परीक्षा में शत प्रतिशत अंको के साथ गौरवान्वित करेंगे।

समारोह की अध्यक्षता महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री अशोक गोधा, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष प्रो. लक्ष्मण जी चेलानी, उप. प्राचार्य श्री देवेंद्र प्रसाद जी शर्मा मंचासीन थे कार्यक्रम में भैया बहनों का अभुतपूर्व उत्साह था चेर रेस, कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यार्थी एवं आचार्य परिवार द्वारा भाग लिया गया विजेता प्रतिभागी को प्रतिक चिन्ह दे कर पुरस्कृत किया गया दीक्षांत समारोह में पुरे वर्षभर की गतिविधियों और परीक्षा परिणाम के आधार पर दो विद्यार्थी स्टूडेंट ऑफ़ द इयर सम्मानित किये गए जिनमे विज्ञानं संकाय हिंदी माध्यम की बहिन निकिता चावड़ा एवं कृषि संकाय के भैया अंकित चौधरी थे दिव्यांजलि पोरवाल एवं खुशी मोरवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की में एक एवरेज स्टूडेंट थी इस विद्यालय में आकर में एक टोपर स्टूडेंट बनी इस लिए विविद्यालय और शिक्षकों का सहयोग रहा जिन्होंने हमें तैयार किया शिक्षकों की और से श्री पंकज जी पांडे, श्रीमती मौसमी चौरसिया ने भी अपने अनुभव साझा किये 12 वी आर्ट्स संकाय की छात्रा तनिषा निम्बोला ने विदाई समारोह में विद्यालय को ट्रोली स्पीकर और 12 वी कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने सरस्वती जी का मंदिर, संस्था अध्यक्ष श्री अशोक गोधा एवं सचिव श्री आशीष शुक्ला को प्रदान किया 11वी विद्यार्थियों ने अपने हाथो से बना कर बेच, ग्रुप फोटो स्मृतियों के स्वरुप में भेट किये 12वी के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए आकर्षक नृत्य प्रस्तुति 11वी की बहनों ने दी जिसे खुब सराहा गया इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्री अरविंद जी माहेश्वरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से श्री सांवरिया जी शर्मा, प्राचार्य संगीता गंगराड़े, हजारीबाग प्रधानाचार्य दिलीप शर्मा, पाली प्रमुख अनिल चौहान, हिम्मत सिंह सिसोदिया, सहपाली प्रमुख मुकेश प्रजापत, नीलम शर्मा, शिशु वाटिका प्रमुख कविता दीदी एवं आचार्य परिवार सम्मिलित थे कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन कर किया गया अतिथि परिचय इशिका सोलंकी, अतिथि स्वागत चंचल यादव, प्रद्युमन यादव, कार्यक्रम का संचालन युवराज राठौर, महक सिसोदिया, भाग्यश्री सोलंकी, अंश परमार, आभार पाली प्रमुख श्री अनिल चौहान ने माना उक्त जानकारी आचार्य योगेश जोशी ने दी।

## भू-अर्जन में विलम्ब पर कलेक्टर सख्त, एसडीओ को लगाई फटकार

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। टीएल बैठक के दौरान नेशनल हाईवे के लिये किये जा रहे भू-अर्जन कार्यों में हो रही देरी पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित एसडीओ को विलम्ब को लेकर फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रेलवे एवं नेशनल हाईवे जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं, ऐसे में भू-अर्जन, मुआवजा वितरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मुआवजा राशि का भुगतान और कब्जा लेना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेताओं को देय राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए योजना के समापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता से समीक्षा कर पात्र किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की प्रक्रिया तथा वन व्यवस्थापन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के समय पर पूर्ण होने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें तथा निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूरी करें। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए स्वीकृत बजट का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए।

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर किया गया आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जागरूक



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्द्रभूमियों (रामसर साइट्स) के संरक्षण, महत्व एवं जैव विविधता में उनकी भूमिका के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना था।

इस अवसर पर रामसर साइट्स पर आधारित प्रेजेंटेशन, मॉडल प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने आर्द्रभूमियों के पारिस्थितिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन बातव ने आर्द्रभूमियों के संरक्षण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए युवाओं से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और आर्द्रभूमि संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में श्रीमती मधुरिमा तिवारी सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# विकसित भारत की आर्थिक नींव मजबूत करने वाला है केंद्रीय बजट 2026 - योगेश मेहता

## वीबी- जी रामजी योजना और केंद्रीय बजट 2026 पर बुरहानपुर में भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला



**बुरहानपुर/ आयूष भावसार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा सोमवार को केंद्रीय बजट 2026 एवं वीबी- जी रामजी योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीज ऑफ एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष श्री योगेश मेहता ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मनोज जी माने , विधायक मंजू राजेंद्र दादू , शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र तिवारी, जनपद अध्यक्ष प्रदीप पाटिल बुरहानपुर, टैक्स एसोसिएशन के पंकज सोमेया ,महामंत्री चिंतामन महाजन , संजय जी जाधव, ईश्वर जी चौहान मंचासिन थे।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मनोज जी माने ने देते हुवे बताया कि केंद्रीय बजट 2026, 27 देश की आम जनता के विश्वास पर खरा उतरा हे । विभिन्न सेक्टरों में देशभर से प्राप्त सुझाओ ओर उसी के आधार पर बजट बनाया गया हे। जो कि सर्वस्पर्शी , सर्वव्यापी होकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मिल का पत्थर साबी होगा। आज की कार्यशाला में शामिल हमारे वरिष्ठ मार्गदर्शक इस विषय पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखेंगे।

कार्यशाला में प्रमुख वक्ता मध्यप्रदेश भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ आयोजक श्री योगेश मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश को आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे ले जाने वाला बजट है। यह बजट उद्योग, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगा तथा विकसित भारतङ्क2047 के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि बजट में एमएसएमई ग्रोथ फंड, विनिर्माण क्षेत्र में रिफॉर्म, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी, टेक्सटाइल सेक्टर को बढ़ावा और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास जैसे प्रावधान मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और व्यापारङ्कउद्योग को मजबूती मिलेगी। श्री मेहता ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट रूपरेखा है, जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा।

विकसित भारत की नींव गांव, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग से मजबूत हो रही है ङ्क अर्चना चिटनिस

कार्यशाला को विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनसे गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि वीबीङ्कजी रामजी योजना केवल रोजगार की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। कांग्रेस द्वारा इस योजना को लेकर समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि इस योजना के अंतर्गत मजदूरों के अधिकारों को पहले से अधिक सुरक्षित किया गया है।

उन्होंने बताया कि योजना में अब 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जा रही है तथा रोजगार उपलब्ध न होने की स्थिति में भत्ता देने का भी प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीण मजदूरों, किसानों और खेतिहर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और गांवों की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

कार्यशाला में नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू एवं टैक्सबार एसोसिएशन के श्री पंकज जी सोमैया ने भी केंद्रित बजट एवंगिबी जी रामजी बिल को लेकर सारगर्भित रूप से अपनी बात उपस्थित के समक्ष रखी।

कार्यकर्ताओं से योजनाओं का संदेश घर-घर पहुंचाने का आह्वान- कार्यशाला के समापन पर वक्ताओं ने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्रीय बजट 2026 एवं वीबीङ्कजी रामजी योजना की सही जानकारी गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं, ताकि जनता तक सच्चाई पहुंचे और भ्रम का प्रभावी उत्तर दिया जा सके। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुलाबचंद पूर्वे ने देते हुवे बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज जी माने, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी, नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू, शाहपुर परिषद अध्यक्षप्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल , टैक्सबार एसोसिएशन पदाधिकारी पंकज सोमैया, पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल, पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष श्री जयंती भाई नवलखे, जिला महामंत्री चिंतामन जी महाजन, संजय जी जाधव, ईश्वर जी चौहान, टेक्सटाइल्स संगठन के नाम सुरेश लखोटिया, आनंद सिंघानिया, धर्मेंद्र पुरोहित, वेदांत मित्तल, पवन, रवि गुप्ता, राजेश सेठिया, योगेश चौक से, विजय राठौर, आस्था राय, राजू शिवहरे, योगेश चौकसे, अरुण पाटिल, रुद्रेश्वर हिंडोले, संभा जी सागरे, मंडल अध्यक्ष चिंटू राठौर, रवि काकडे, खकनार जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश चौकसे आकाश राखोंडे,महेंद्र जोगी, अर्चना योगेश पाटिल, प्रदीप कसेरा, सुनील वाघे, कारण प्रजापति, प्रदीप कुशवाह, प्रकाश लाड, नितिन महाजन,किशोर पाटिल, आनन्द यादव, राजेंद्र सिंह ठाकुर, संदीप परिहार,दीपक महाजन, गोपाल चौधरी, प्रशांत पाटिल, रविंद्र गावड़े, आकाश चौधरी सहित भारी संख्या में भाजपा जिला कार्यकारिणी, मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारीगण, शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति, व्यापारी, टैक्सबार एसोसिएशन के पदाधिकारी ,इलेक्ट्रॉनिक,बुद्धिजीवी, सराफा व्यापारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित थे।

# राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन

## जनवरी माह के बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रतिमाह के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय परिसरों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में 01 फरवरी 2026 को रविवार अवकाश होने के कारण आज 02 फरवरी 2026 को कलेक्टर कार्यालय परिसर झाबुआ में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाबुआ की छात्राओं के बैण्ड दल द्वारा वाद्ययंत्रों की मधुर संगति के साथ राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहना के साथ सुना। कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जनवरी माह के बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ के रूप में बालक आश्रम रंगपुरा के भृत्य श्री बहादुर हठीला एवं माध्यमिक विद्यालय संदला के भृत्य श्री नाथिया भाभर को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी कार्यनिष्ठा, समयबद्धता एवं ईमानदारी का प्रतीक है तथा अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। जनवरी माह में श्री बहादुर हठीला द्वारा महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया गया। साथ ही विभागीय कार्यों में सक्रिय सहभागिता करते हुए संस्था द्वारा प्रदत्त कार्यों का समयबद्ध एवं ईमानदारी से निष्पादन किया गया।

इसी प्रकार श्री नाथिया भाभर द्वारा जनवरी माह में विकासखण्ड स्तर पर आयोजित वृहद कार्यक्रमों का सफल संचालन, पाठ्यपुस्तकों का समय पर विद्यालयों में वितरण, सायकल वितरण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समयबद्धता एवं ईमानदारी से किया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ से सम्मानित किया गया।

दोनों सम्मानित कर्मचारियों ने कलेक्टर नेहा मीना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणास्रोत है तथा वे भविष्य में भी इसी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर श्री विजय कुमार मण्डलोई, श्री अक्षय सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश बड़ोले, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रीतिका पाटीदार, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 4 फरवरी 2026 को

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन की रोजगारन्मुखी नीति के अंतर्गत बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए युवा-संगम रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का आयोजन 4 फरवरी 2026 बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई झाबुआ में किया जा रहा है। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, प्राचार्य आईटीआई, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक कम्पनियों ?द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन कर युवक/युवतियों को रोजगार/अप्रेन्टिसशिप के अवसर प्रदान करेगी साथ ही गुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनान्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित पात्रता अनुसार ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग हेतु चयन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो एवं शैक्षणिक योग्यता 8वीं से 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, समग्र आईडी के साथ युवा संगम मेले में भाग ले सकते हैं।

## बिना ठोस कारण के मतदाता सूची से न हटाया जाये किसी भी व्यक्ति का नाम - कलेक्टर





**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने तहसीलवार एवं अनुभागवार राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली, आरसीएमएस, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फार्मर रजिस्ट्री सहित सभी राजस्व कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे तथा सभी अधिकारी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।

बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण एवं दावे-आपत्तियों के निपटारे को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना ठोस कारण किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से न हटाया जाए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सीमांकन एवं नामांतरण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर अधिकारियों को इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े इन कार्यों में लापरवाही स्वीकार्य नहीं है तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# कलेक्टर ने किया बलोला बड़ी में आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना ने रामा परियोजना अंतर्गत ग्राम बलोला बड़ी के स्कूल फलिया एवं बारिया फलिया स्थित आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को प्रदाय की जा रही सेवाओं, पोषण आहार वितरण, आधारभूत सुविधाओं एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था।

निरीक्षण के दौरान स्कूल फलिया स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में जानकारी दी गई कि केन्द्र में कुल 25 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनमें से 2 बच्चे सैम (स्रूरू) श्रेणी में हैं। सक्षम आंगनवाड़ी योजना अंतर्गत केन्द्र में स्मार्ट टीवी एवं आरओ कनेक्शन की व्यवस्था नहीं पाए जाने के कारण टीवी एवं आर ओ बंद स्थिति में मिला, जिस पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की।





कलेक्टर ने पोषण आहार वितरण, फेस रिकग्निशन प्रणाली एवं पोषण ट्रैकर एप में की जा रही प्रविष्टियों की भी गहन जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों की ऊंचाई एवं वजन के निर्धारित मानकों के अनुसार सही श्रेणी का निर्धारण अनिवार्य रूप से किया जाए। इस कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की दक्षता संतोषजनक नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा प्रदाय मोंटेसरी किट का उपयोग नहीं किए जाने पर भी कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि बच्चों के समग्र विकास हेतु उपलब्ध संसाधनों का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

बारिया फलिया स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में भी सक्षम आंगनवाड़ी योजना अंतर्गत स्मार्ट टीवी इंस्टॉल नहीं पाया गया। केन्द्र में व्यवस्थाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं होने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में पाई गई विभिन्न लापरवाहियों के कारण संबंधित सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि संबंधित स्व-सहायता समूह को नोटिस जारी किया जाए, क्योंकि समूह द्वारा न तो नाश्ता प्रदाय किया जा रहा है और न ही निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

साथ ही भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता अत्यंत खराब पाई गई, जो बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत गंभीर विषय है। साथ ही कलेक्टर ने सीडीपीओ को निर्देश दिए कि पूर्व में आंगनवाड़ी केन्द्रों में किए गए निरीक्षणों की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए, ताकि की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की जा सके।

दोनों आंगनवाड़ी केन्द्रों पर रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, शौचालय एवं पोषण वाटिका से संबंधित कार्यों में लापरवाही एवं खराब गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित सहायक यंत्री, उप यंत्री एवं ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्देशित किया कि जिले के सभी सहायक यंत्रियों एवं उप यंत्रियों के लिए गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की कमियां न रहें। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आर एस बघेल, सीडीपीओ, सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय आनंद उत्सव के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने 04 फरवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आनंद उत्सव के सफल संचालन के लिये अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसे जनभागीदारी के साथ उत्साहपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आयोजन के अंतर्गत होने वाले खेलों का पूर्व में ही निर्धारण किया जाए तथा उनकी समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आनंद उत्सव में अनिवार्य रूप से पंजीयन कर सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग आयोजन से जुड़ सकें। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने, कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा, मंच व्यवस्था, पेयजल, विद्युत एवं यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने कार्यक्रम के पूर्व सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने तथा आयोजन के दिन अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित करने के निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत ने आनंद उत्सव की तैयारियों एवं कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत किसानों के कल्याण के लिए कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में करे कार्य- कलेक्टर

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया हैं। जिसके अंतर्गत ''समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश'' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषकों की आय वृद्धि एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाये ताकि कृषकों के जीवन में खुशहाली आ सके। उक्त बाते कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने जिले के विकास कार्यो एवं महत्वपूर्ण अभियोनों की विस्तृत समीक्षा के दौरान कही। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयेः-





ऽ बैठक में जिले के उन्नतशील कृषकों से चर्चा कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने एवं तिलहनी फसलों एवं मुंगफली फसल के उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। इस संवाद में कृषकों ने अपनी कृषि पद्धति और मार्केटिंग एवं अन्य समस्याओं को भी रखा। कलेक्टर ने उक्त के संबंध में उप संचालक कृषि को कार्ययोजना बनाकर इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दियें।

ऽ बैठक में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग को फार्मर आईडी के पंजीयन के संबंध में अगले 15 दिवस में कृषि अमले द्वारा कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। कृषि संगोष्ठी के माध्यम से गतिविधियां संचालित कर कृषकों को जागरूक करे।

ऽ रोजगार संगी पोर्टल में पंजीयन के संबंध में लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश जिला रोजगार अधिकारी को दिये।

जिला पंचायत सीईओ को बैठक में पंचायतों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, सिकलसेल पेंशन, विधवा पेंशन की पेडेंसी को कर कर प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये।

ऽ संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में 78062 आवेदन इस अभियान अंतर्गत दर्ज हुए है, जिन्हे निरंतर निराकृत किया जा रहा है। जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंति छोर पर खड़े व्यक्ति को प्राप्त हो रहा है।

ऽ स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा कर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को टीबी स्क्रीनिंग हेतु चिन्हांकित किये गये अत्याधिक प्रभावित 60 ग्रामों में कान्टेक्ट ट्रेसिंग कर पीड़ितों को समुचित लाभ देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही एएनसी पंजीयन को बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड बनाये जाने में वृद्धि और बाल वैभव की सुविधा पर विशेष जोर देने के निर्देश दिये।

ऽ बैठक में क्रियाशील पंचायत, स्कूल भवन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, सड़क सुरक्षा, सीएम हेल्प लाइन में गुणवत्तापूर्ण निराकरण आदि के संबंध में भी निर्देश दिये।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री काजल जावला, संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा

**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड किए नहीं रहनी चाहिए। नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समय पर निराकरण करें। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में कम प्रगति होने पर सीएमएचओ को निर्देश दिये कि वे बीएमओ के साथ बैठक आयोजित कर ग्रेडिंग में प्रगति लाए। कलेक्टर ने जनवरी माह में नॉट अटेंडेंट शिकायतें रहने पर महेश्वर के बीएमओ एवं सीडीपीओ का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में आ रही भूमि संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को वन विभाग के डीएफओ के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों से कहा कि वन विभाग से लंबित सभी निर्माण कार्यों में एनओसी प्राप्त कर निर्माण कार्यों में गति लायी जाए। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान के प्रमुख बिन्दुओं के अंतर्गत योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि प्रति निकाय व जनपद पंचायतें अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के आवेदनों की पोर्टल पर इंट्री किया जाना सुनिश्चित करें।

# जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू सहायतित सेंधवा सीवरेज परियोजना बनी नगरीय स्वच्छता की मिसाल

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा नगर में जर्मन विकास बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से क्रियान्वित की गई सीवरेज परियोजना ने नगरीय स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह परियोजना नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा निर्मित की गई है।



कम्पनी के प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि लगभग 18 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले सेंधवा नगर, वर्तमान में जनसंख्या 66,000 तथा परियोजना वर्ष 2048 के लिए अनुमानित जनसंख्या 90,300 को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। परियोजना के अंतर्गत नगर में एक समग्र और वैज्ञानिक सीवरेज प्रणाली विकसित की गई है। इससे पूर्व नगर में अधिकांश सीवरेज व्यवस्था खुले नालों के माध्यम से संचालित हो रही थी, जिससे स्वच्छता और पर्यावरण संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। इस परियोजना की निर्माण लागत 66.26 करोड़ रुपये तथा संचालन संधारण सहित लागत 80.99 करोड़ रुपये है।

परियोजना के अंतर्गत कुल 90.55 किलोमीटर लंबा सीवर नेटवर्क बिछाया गया है। साथ ही 8.50 एमएलडी क्षमता का आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसबीआर तकनीक आधारित) स्थापित किया गया है, जो अपशिष्ट जल के प्रभावी उपचार को सुनिश्चित करता है। परियोजना में 7.60 एमएलडी क्षमता का एक इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन एवं 0.428 एमएलडी क्षमता का एक लिफ्टिंग पंपिंग स्टेशन भी शामिल है।

इसके अतिरिक्त नगर में 3,943 हाउस चेंबर, 3,338 मैनहोल बनाये गये है तथा 12,346 सीवरेज कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिससे अधिकाधिक नागरिकों को सीवरेज सुविधा से जोड़ा जा सका है। यह परियोजना न केवल सेंधवा नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से नगरीय आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण का भी एक सफल उदाहरण है। इससे जनस्वास्थ्य में सुधार, जल स्रोतों के संरक्षण तथा शहर की समग्र जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी।

## सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें



**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने सोमवार रात्रि में कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित सड़क निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपनी अपनी सड़कों की समय-समय पर रिपेयरिंग करते रहें, तथा सड़क मार्ग में जो भी ब्लैक स्पॉट एवं ÷दुर्घटना संभावित क्षेत्र÷ चिन्हित किए गए हैं, वहां सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करें। बैठक में बैठक में यातायात पुलिस, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण, नगर निगम खंडवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक में यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि खंडवा शहर में माता चौक से रामनगर, चीरा खदान से टीटिया जोशी, बैतूल फाटे से फॉरेस्ट डिपो आशापुर, मांधाता शनि मंदिर के पास और रोशिया फाटे पर इस तरह के दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इन सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश सड़क निर्माण एजेंसियो को दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि सड़कों के आसपास लगी झाड़ियों के कारण यदि वाहन चालक को सामने से आने वाले वाहन नहीं दिखते हैं, तो ऐसी झाड़ियों को काटने की कार्रवाई तत्काल की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि डिवाइडर युक्त मार्गों पर, जहां डिवाइडर तोड़कर ग्रामीणों ने रोड क्रॉस करने के रास्ते बना लिए हैं, उन्हें बंद किया जाए ताकि सड़क दुर्घटना की आशंका न रहे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात संकेतक लगवाने और सड़कों पर लेन मार्किंग कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में यातायात पुलिस के अधिकारियों ने जिले की विभिन्न सड़कों पर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट की जानकारी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की तहसील स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा करें और निराकरण में गति लाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन बी. गौड़ा, एसडीएम पुनासा श्री पंकज वर्मा, सहायक कलेक्टर डॉक्टर श्री कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर श्री के आर बडोले तथा श्री अरविंद चौहान सहित सभी एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ-साथ अन्य विभागों के जिलाधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में पिछले दिनों आयोजित रक्तदान शिविरों की प्रगति की समीक्षा भी की।

## बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की कलेक्टर श्रीमती जयंती सिंह के मार्गदर्शन में परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता बनाए रखने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे से पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार, परीक्षा शुरू होने से एक घण्टा पूर्व केंद्र पर और 30 मिनट पूर्व परीक्षा कक्ष में उपस्थिति आवश्यक है।सभी केन्द्राध्यक्ष निर्देश पुस्तिका का गहराई से अध्ययन कर नियमपूर्वक परीक्षा संपन्न कराएं। बड़वानी जिले के 57 परीक्षा केन्द्रो पर मा.शि. मण्डल की मुख्य परीक्षा 2026 हेतु केन्द्राध्यक्षो/सहायक केन्द्राध्यक्षो एवं कलेक्टर प्रतिनिधियो का प्रशिक्षण शास. उत्कृष्ट उमावि क.01 बड़वानी में आयोजित किया गया । जिसमे समन्वयक संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री अनिल मिश्र ने परीक्षा केन्द्रो पर नियुक्त केन्द्राध्यक्षो/ सहायक केन्द्राध्यक्षों एवं कलेक्टर प्रतिनिधियो परीक्षा संचालन के निर्देश देकर प्रशिक्षण दिया गया। ई-गवर्नेस मेनेजर श्री शुभम जाधव द्वारा कलेक्टर प्रतिनिधियों को मोबाईल एप्प पर कार्य करने संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सचिव माध्यमिक शिक्ष मण्डल भोपाल के निर्देशानुसार 06 फरवरी को जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी से जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रो के केन्द्राध्यक्षो को गोपनीय सामग्री का वितरण किया जाकर परीक्षा केन्द्रो के नजदीकी पुलिस थानो पर रूट चार्ट अनुसार गोपनीय सामग्री जमा की जावेगी। जिले में हाईस्कूल स्तर पर कुल 11156 एवं हायर सेकेण्डरी स्तर पर 8660 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती चौहान ने सभी केन्द्राध्यक्षो/सहा. केन्द्राध्यक्षो एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों को परीक्षा कार्य की गोपनीयता बनाए रखने एवं सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन की शुभकामना प्रदान की।



मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# महाशिवरात्रि पर उज्जैन में इस बार भी खूब बिकेगी भांग

## एक ही दिन में बिक सकती है करीब 2 क्विंटल शिवबूटी, आम दिनों से 5 गुना तक बढ़ेगी खपत



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने के साथ ही भांग की खपत में जबरदस्त उछाल आने का अनुमान है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले की 11 अधिकृत भांग दुकानों से लगभग 150 से 200 किलोग्राम भांग की बिक्री हो सकती है। यह मात्रा आम दिनों की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है। सामान्य दिनों में जिलेभर में प्रतिदिन औसतन 30 से 35 किलो भांग की बिक्री होती है।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले में भांग की कुल 11 दुकानें संचालित हैं, जिनमें सर्वाधिक दुकानें उज्जैन शहर क्षेत्र में स्थित हैं। पर्व के दिन शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों पर भी भांग की मांग तेजी से बढ़ जाती है। भांग दुकान संचालकों के मुताबिक सामान्य दिनों में एक दुकान से प्रतिदिन ढाई से तीन किलो भांग की बिक्री होती है, जबकि सावन मास और महाशिवरात्रि जैसे पर्वों पर यह आंकड़ा कई गुना बढ़ जाता है।महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालु भांग को शिवबूटी के रूप में ग्रहण करते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अकेले महाकाल मंदिर क्षेत्र में प्रतिदिन करीब पांच किलो भांग की खपत होती है, जो पर्व के दिन और बढ़ जाती है।

करोड़ों में पहुंच चुका है भांग दुकानों का ठेका- आबकारी विभाग के अनुसार वर्ष 2023 में जिले की 11 भांग दुकानों का ठेका 280 करोड़ रुपये में गया था। वहीं वर्ष 2024 में शासन द्वारा 15 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के बाद यह ठेका बढ़कर लगभग 300 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इससे भांग की बढ़ती मांग और व्यवसायिक महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है।

ज्यादा सेवन बना सकता है बीमार- जानकारों के अनुसार सीमित मात्रा में भांग औषधीय गुणों वाली मानी जाती है, जो पाचन शक्ति बढ़ाने और कुछ रोगों से राहत देने में सहायक होती है, लेकिन अधिक मात्रा या पहली बार सेवन करने पर यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर नुकसानदायक हो सकती है। हर साल सावन मास और महाशिवरात्रि पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा अत्यधिक सेवन के कारण बीमार पड़ने के मामले सामने आते हैं। पिछले वर्ष भी महाशिवरात्रि पर एक ही परिवार के छह सदस्य भांग सेवन के बाद बीमार हो गए थे, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

ठंडाई से लेकर पकवानों तक होता है भांग का उपयोग - भांग दुकान संचालकों के अनुसार श्रद्धालु भांग का सेवन दूध, दही, रबड़ी, छाछ और फलों के रस के साथ करते हैं। भांग की ठंडाई सभी अधिकृत भांग घोंटो पर उपलब्ध रहती है। इसके अलावा भांग का उपयोग सेंव, पकोड़े, अचार, गुलकंद, चक्की और पेड़े के रूप में भी किया जाता है। चिकित्सकों का कहना है कि इन रूपों में भी अत्यधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

### एक नजर में आंकड़े

जिले में भांग की दुकानें - 11

आम दिनों में बिक्री ≈ 30- 35 किलो प्रतिदिन

महाशिवरात्रि पर अनुमानित बिक्री ≈ 150- 200 किलो

एक दुकान की औसत दैनिक बिक्री - 2.5- 3 किलो

महाकाल मंदिर क्षेत्र में खपत ≈ करीब 5 किलो प्रतिदिन

2024 में भांग दुकानों का ठेका - करीब 300 करोड़ रुपये

# एमई ट्रांसफार्मर में फॉल्ट, सुबह पूरे शहर में जलप्रदाय नहीं हुआ, पानी के लिए परेशान हुए लोग

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की जलापूर्ति व्यवस्था सोमवार को पूरी तरह चरमरा गई। गऊघाट फिल्टर प्लांट पर लगे एमई ट्रांसफार्मर में अचानक विद्युत फॉल्ट हो जाने से सुधार कार्य दिनभर चलेगा ।जिसके चलते पूरे उज्जैन शहर में आज सुबह जलप्रदाय नहीं हो सका। सोमवार सुबह पेयजल सप्लाई रुकने से इसका सीधा असर शहर के नागरिकों पर पड़ा और लोगों को पीने के पानी के लिए  परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह नलों से पानी नहीं आने पर शहर के कई क्षेत्रों में लोग हैंडपंपों का सहारा लेते नजर आए। कई मोहल्लों में महिलाएं सुबह से ही बर्तन लेकर पानी भरते दिखाई दिए। पीएचई के अधिकारियों के अनुसार गऊघाट फिल्टर प्लांट पर ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के कारण मोटरें चालू नहीं हो सकीं। सूचना मिलते ही सुधार कार्य शुरू कर दिया गया, लेकिन फॉल्ट बड़ा होने से जलप्रदाय बहाल करने में समय लगेगा। पीएचई अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही स्थिति सामान्य कर दी जाएगी और अगले शेड्यूल में जलप्रदाय शुरू किया जाएगा। अचानक हुई इस समस्या से खासकर कामकाजी लोगों को ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ीं। नागरिकों ने नगर निगम से वैकल्पिक व्यवस्था करने और ऐसी तकनीकी खराबियों से बचाव के लिए स्थायी समाधान की मांग की है।

# लूट के लिए हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 8 साल पहले लूट के इरादे से खेत पर सोए वृद्ध की हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 20 हजार का अर्थ दंड भी लगाया गया है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि दिनांक 2 जून 2017 को सुबह विरेन्द्र सिंह ने इस आशय की सूचना दी कि वह ग्राम थड़ोदा में रहता है एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय हिपाखेड़ी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। स्कूल की छुट्टी होने के कारण वह उस दिन घर पर था। उसके पिताजी विक्रम खेत पर बने मकान पर ही 10-15 साल से रह रहे थे तथा रात में भी खेत पर बने मकान पर सोते थे और सुबह 06 बजे घर पर आ जाते थे। कल रात भी वे खेत पर सोने गये थे। सुबह उसके पिताजी घर नहीं आये इसलिए वह खेत पर बने मकान पर गया तो देखा कि मकान का ताला लगा था, उसके पिताजी खेत पर नहीं थे। उसने सोचा कि ताला लगा है इसलिए पिताजी घर चले गये होंगे और वह घर वापस आ गया और अपने पिताजी के मोबाईल नंबर पर फोन लगाया तो फोन स्विच ऑफ था, फिर वह अपनी मां कमलकुंवर के साथ खेत पर गया और खेत पर बने मकान की दीवार के छेद में से अंदर देखा तो उसके पिताजी अंदर पड़े थे। उसने गजराजसिंह को बुलाया और ताला तोड़कर अंदर जाकर देखा तो उसके पिताजी के हाथ, पैर व मुंह बंधा हुआ था, सीने में और शरीर में चोट लगी थी और खून निकल रहा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके पिताजी के हाथ, पैर बांधकर मारपीट कर हत्या कर दी है। खेत पर बंधी भैंस, पाड़ी भी वहां नहीं थीं, मोबाईल भी नहीं मिला है। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर कैलाश पिता मांगू डोडियार 35 वर्ष, निवासी ग्राम उमरबड्डा, थाना रावटी, जिला रतलाम को गिरफ्तार किया था। 8 साल चली सुनवाई के बाद प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीतू कांत वर्मा खाचरौद द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण में पैरवी सुनील परमार, विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

# रविदास जयंती अंतर्गत स्वच्छता अभियान प्रारंभ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविदास जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा नगर जिला उज्जैन द्वारा वृंदावन पूरा स्थित गुरुद्वारा संत शिरोमणि रविदास मंदिर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य एवं मोर्चा अध्यक्ष मनोज मालवीय के नेतृत्व में चरण पादूका पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया।

भाजपा अजा मोर्चा महामंत्री सुनील चावंड ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भगवान परिवार ने बताया कि मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में रविदास जयंती भव्य रूप से मनाई जा रही है एवं पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।

इस अवसर पर संभाग के संयोजक ओमप्रकाश मोहने, समाज के अध्यक्ष सुरेश कुसुमरिया, मोर्चा महामंत्री सुनील चावंड, अनिल सिंदल, वरिष्ठ नेता मांगू पहलवान, गौरीशंकर कायत, घनश्याम सुयल, आदर्श मकवाना, टी के मालवीय, पवन डायमा, जितेंद्र भाटी, दुर्गेश मालवीय, विकास मालवीय, अशोक सोलंकी, अर्जुन गोमे, कृष्ण टाटावत, अंकित मोहने, आदित्य सोलंकी, जितेंद्र परमार सहित मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश मोहने एवं आभार मोर्चा अध्यक्ष मनोज मालवीय ने माना।

# उज्जैन में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए 40 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

## परीक्षा दो सप्ताह पहले शुरू - 10 केंद्र घोषित अतिसंवेदनशील

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं में इस बार उज्जैन जिले से 40 हजार 173 विद्यार्थी शामिल होंगे। यह संख्या गत वर्ष 2025 की तुलना में लगभग 400 अधिक है। बोर्ड द्वारा परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है, जिसके अनुसार कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से और कक्षा 10वीं की परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी।

जिले में कक्षा 10वीं की परीक्षा 77 केंद्रों पर तथा कक्षा 12वीं की परीक्षा 74 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए इस बार 10 परीक्षा केंद्रों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है, जहां अतिरिक्त निगरानी और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुसार कक्षा 10वीं के लिए 23,710 तथा कक्षा 12वीं के लिए 16,463 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। इस प्रकार कुल नामांकन संख्या 40,173 तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष 39,773 थी।

प्राइवेट विद्यार्थियों की संख्या भी उल्लेखनीय- इस बार भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्राइवेट श्रेणी से परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। कक्षा 10वीं में 3,388 और कक्षा 12वीं में 2,506 विद्यार्थी प्राइवेट रूप से बोर्ड परीक्षा देंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार ये वे विद्यार्थी हैं, जो पूर्व में किसी कारणवश नियमित परीक्षा नहीं दे सके थे और अब दोबारा अवसर का लाभ ले रहे हैं। नामांकन के आंकड़े दिखा रहे रुझान- पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024 में 10वीं में 25,521 और 12वीं में 14,679 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था। वर्ष 2025 में 10वीं के 24,174 और 12वीं के 15,999 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि 10वीं में नामांकन धीरे-धीरे घटा है, जबकि 12वीं में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2026 में भी यही रुझान कायम है, जो यह दर्शाता है कि अधिक विद्यार्थी 12वीं तक शिक्षा जारी रख रहे हैं।

6 फरवरी को वितरित होगी परीक्षा सामग्री - परीक्षा संचालन की तैयारियों के तहत 6 फरवरी को बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण शासकीय दशहरा मैदान कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में किया जाएगा। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्र अध्यक्षों और सहायक केंद्र अध्यक्षों को सामग्री सौंपी जाएगी। सामग्री वितरण से लेकर परीक्षा आयोजन तक गोपनीयता और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी, उडऩदस्तों की तैनाती और अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा 6 मार्च को और कक्षा 12वीं की परीक्षा 7 मार्च को समाप्त होगी।

दो सप्ताह पहले आयोजित हो रही परीक्षा - गत वर्ष 2025 में 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी और 10वीं की परीक्षा 27 फरवरी से प्रारंभ हुई थी, जबकि इस वर्ष 2026 में परीक्षाएं लगभग दो सप्ताह पहले शुरू की जा रही हैं। मंडल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से कराना है, ताकि मूल्यांकन और परिणाम भी निर्धारित समय में जारी किए जा सकें।

# रेडियो दस्तक 90.8 एफएम के आठवें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के पहले कम्युनिटी रेडियो दस्तक 90.8 एफएम ने जनसंचार के क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों को आत्मसात करते हुए अपने सात वर्ष की सफल एवं जनोपयोगी यात्रा पूर्ण की तथा आठवें वर्ष में प्रवेश के अवसर को भी  जनकल्याण की भावना के साथ मनाते  हुए रेडियो दस्तक 90.8 एफएम द्वारा भारतीय ज्ञानपीठ , माधव नगर में एक भव्य निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

रेडियो दस्तक 90.8 एफएम के पीआरओ विनय भक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जनहितकारी चिकित्सा शिविर में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र से जुड़े डॉ. विनोद वैरागी, डॉ. जितेन्द्र जैन, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. प्रद्युमन्न मलिक, डॉ. प्रिया पान्टेल, डॉ. श्वेता शर्मा सहित आयुष विभाग के अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिनकी सहभागिता से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। शिविर के माध्यम से आमजनों को एलोपैथिक, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक पद्धतियों के अंतर्गत समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर विविध चिकित्सकीय परामर्श एवं जांच सुविधाओं का लाभ प्राप्त हुआ।

# खुदी सड़कें, अधूरा सीवरेज और धीमा चौड़ीकरण, पुराने शहर में बढ़ती जा रही परेशानी

## गाड़ी अड्डा से कंठाल तक निर्माण कार्य अधर में, आवागमन और व्यापार दोनों प्रभावित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुराने शहर के नागरिक इन दिनों बदहाल सड़कों और अधूरे सीवरेज कार्य की दोहरी मार झेल रहे हैं। बीते आठ वर्षों से शहर में भूमिगत सीवरेज लाइन डालने का काम चल रहा है, लेकिन अब तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। कई क्षेत्रों में तो महीनों से काम पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है।

इधर गाड़ी अड्डा से बियाबानी, खजूर वाली मस्जिद, कोयला फाटक, निजातपुरा, कोतवाली रोड होते हुए कंठाल तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है, लेकिन इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। सड़कों को खोदने के बाद लंबे समय तक छोड़ दिया गया है, जिससे मार्गों पर धूल, गड्ढे और अव्यवस्था बनी हुई है। इन हालातों में वाहन चालकों को बार-बार जाम, फिसलन और दुर्घटना के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलने वालों के लिए तो हालात और भी मुश्किल हैं। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भरने से स्थिति और बिगड़ जाती है।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि निर्माण कार्य की अनिश्चितता ने बाजारों की रौनक कम कर दी है। ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब काम पूरा करने की स्पष्ट समय-सीमा तय नहीं है तो सड़कों को खोदकर क्यों छोड़ा जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सीवरेज और सड़क चौड़ीकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि पुराने शहर को राहत मिल सके।

# बदमाशों ने आंखों में मिर्ची झोंक 2 किसानों से लूटे डेढ़ लाख

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पशु बेचकर लौट रहे 2 किसानों के साथ बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। किसानों की आंखों में मिर्ची झोंकी गई थी। कायथा पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। सोमवार शाम तक बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया था। कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम नलेसरी में रहने वाले 2 किसान सतीश शाह और रामलाल मक्सी बाजार में पशु बेचने गये थे। जहां भैंस का सौदा कर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। रामपुरा मार्ग लक्ष्मीपुरा फंटा पर पीछे से बाइक पर सवार 2 बदमाश आये और उन्होने पहले किसानों की बाइक को टक्कर मारी। संतुलन बिगड़ने पर दोनों किसान गिर गये। बाइक पर पीछे बैठे एक बदमाश ने दोनों की आंखों में मिर्ची झोंकी और डेढ़ लाख रूपये नगद लूटकर भाग निकले। दिनदहाड़े किसानों के साथ हुई लूट का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग चुके थे। एसडीओपी भविष्य भास्कर ने बताया कि किसानों की शिकायत पर बदमाशों का सुराग तलाश जा रहा है। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। माना जा रहा है कि जिस तरह से बदमाशों ने किसानों के साथ लूट को अंजाम दिया है, बदमाश मक्सी से पीछे लगे होगें। पशु बाजार में उन्होने रैकी की होगी।

# कानीपुरा वैश्य टेकरी पर विश्व शांति महास्तूप महोत्सव व संत रविदास जयंती का संयुक्त आयोजन हुआ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** तराना रोड स्थित कानीपुरा वैश्य टेकरी पर भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में विश्व शांति महास्तूप महोत्सव एवं संत शिरोमणि रविदास जयंती का संयुक्त कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी एवं अंबेडकरवादी दर्शन के लिए पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से बौद्ध धर्मगुरु द्वारा झंडा वंदन एवं वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 15 वर्षों से महासभा द्वारा लगातार इस आयोजन के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार से इस स्थल के विकास की मांग की जा रही है। शासन द्वारा हर बार आश्वासन तो दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस विकास कार्य दिखाई नहीं देता। उन्होंने मांग की कि जिस प्रकार महाकाल लोक का भव्य विकास किया गया है, उसी तर्ज पर इस ऐतिहासिक स्थल का भी विकास किया जाए, जिससे देश-विदेश से उज्जैन आने वाले श्रद्धालु यहां भी सहज रूप से दर्शन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान धर्मगुरुओं ने प्रवचन देते हुए भगवान बुद्ध एवं सम्राट अशोक के संदेशों पर चलने का आवाहन किया तथा समाज में एकता के साथ कार्यक्रम आयोजित करने की प्रेरणा दी। वहीं समाज के बच्चों द्वारा भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं।

# ट्रेवल्स एजेंसी पर बुकिंग करने वाले ने लगाई फांसी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ट्रेवल्स एजेंसी पर बुकिंग का काम करने वाले वृद्ध ने रविवार रात को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने परीक्षण के बाद शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख दिया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि ढांचा भवन में रहने वाले श्याम पिता हीरालाल खत्री 52 साल को परिवार द्वारा मृत अवस्था में चरक अस्पताल ले जाने की सूचना मिली थी। मामले में मर्ग कायम किया गया। जांच के दौरान पता चला कि श्याम ने घर की ऊपरी मंजिल के कमरे में फांसी लगाई थी।  सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पुत्र यश ने बताया कि पिता देवास गेट पर ट्रेवल्स एजेंसी पर ऑनलाइन बुकिंग का काम करते थे और शराब पीने के आदि थे। घर पर मां लता नीचे कमरे में काम कर रही थी जब वह ऊपर पहुंची तो उन्होंने पिता को फंदे पर लटका देखा। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सोपा गया है। संभवतः नशे की हालत में आत्मघाती कदम उठाया है परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जाएगी।

24 घंटे बाद भी नहीं हुई पहचान- रविवार सुबह माधव नगर थाना क्षेत्र के वल्लभनगर स्थित मैदान में बबुल के पेड़ पर अर्धनग्न युवक की लाश लटकी मिलना सामने आया था। मृतक युवक ने रेलवे की चादर से फांसी लगाई थी। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है 24 घंटे बीतने के बाद भी उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया है। आज दोपहर तक पहचान नहीं होने पर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सोमवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। जिला स्तरीय टास्क फोर्स गठित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तथा उसके कारणों की रोकथाम है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें करियर की संभावनाओं से अवगत करवाया जाए जिससे विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और आत्महत्या की प्रवृत्ति भी दूर होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के लिए 24*7 संचालित की जाने वाली टोल फ्री 14416 और 14425 हेल्पलाइन पर चर्चा कर समाधान प्राप्त करे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी महाविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेल गठित कर सभी में मेंटल हेल्थ काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय प्रथम प्रशिक्षण का आयोजन 31 जनवरी को किया गया था। बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर भी चर्चा कर जानकारी दी गई।

# ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक कर सेक्स सॉर्टेड सीमन और एआई तकनीकों के फायदों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें- कलेक्टर




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की विस्तृत विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अभी तक 40,512 आवेदन दर्ज किए गए है। 28,644 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके है। कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान अंतर्गत राजस्व विभाग के सभी अधिकारि?यों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए ।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को आपसी समन्वय कर आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि निराकृत आवेदनों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर अपडेट करें।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया की विधानसभावार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 27,515 हियरिंग की गई है। 9,152 वोटर्स का वेरिफिकेशन किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम और तहसीलदार चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें और कार्य 9 फरवरी तक पूर्ण करें।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में 50 दिवस और 300 दिवस की सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण की समीक्षा कर पुरानी लंबित शिकायतों के निराकरण के समाधान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सेवा प्रदायगी की स्थिति की जानकारी ली गई। लोक सेवा में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

बैठक में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक कर पशुपालक कृषकों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के लिए सेक्स सॉर्टेड सीमन और एआई तकनीकों के फायदों के बारे में जागरूक करें। बैठक में पशुपालन विभाग के उपसंचालक द्वारा जानकारी दी गई कि सेक्स सॉर्टेड सीमन के 25,000 के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध आज दिनांक तक 21,367 तक का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के क्रियान्वयन की विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। योजना अंतर्गत  सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के पशुपालक कृषकों को 25 प्रतिशत अनुदान और एससी/एसटी पशुपालक कृषकों को 33 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। योजना के आवेदन ऑनलाइन किया जाना है। आवेदन स्वीकृत होने पर 3 दिवसीय सशुल्क ट्रेनिंग पशुपालन विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी।

बैठक में मप्र ई-सेवा पोर्टल पर सभी विभागों द्वारा विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज समयावधि पत्रों की समीक्षा की गई। टीएल में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सीईओ जनपद तराना का आज का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अक्षय ऊर्जा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सुरक्षा के सभी उपकरणों और सेफ्टी नॉर्म्स का पालन निर्माण कार्यों में सुनिश्चित करें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दिसंबर में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम श्री संतोष टैगोर,एडीएम,सभी विभागों के जिलाधिकारी और जिले के सभी एसडीएम उपस्थित रहे।